नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 29 अक्टूबर 2021, कृष्ण पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-256 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव का

भव्य शुभारंभ

27 राज्यों, 6 केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ ही 7 देशों के एक हजार से अधिक कलाकार हुए शामिल

मुख्यमंत्री बघेल ने झारखंड के सीएम सोरेन के साथ ली सेल्फी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में हर तरफउत्साह का माहौल बना हुआ है। आज शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सेल्फजोन में पहुंचकर सेल्फी लिया। समारोह स्थल पर आदिवासी संस्कृतियों तथा छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवेश की झलकियों को समेटे आकर्षक सेल्फी जोन भी बनाए गए हैं।

सीएम सोरेन ने की राज्य की तारीफ आयोजन को कहा अकल्पनीय

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आयोजित 'राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव' और 'राज्योत्सव 2021' के शुभारंभ अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में पहुंचे सीएम सोरेन आदिवासी कलाकारों के रंगा रंग कार्यक्रम को देखकर मंत्र मुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सम्बोधन में कहा कि आदिवासी नृत्य महोत्सव 2019 से भूपेश बघेल के प्रयास से शुरू किया गया, जो पूरे देश में मात्र छत्तीगसढ़ राज्य में ही आयोजित हो रहा है। वैश्विक महामारी में थोड़ी ठहराव होने पर इस वर्ष फिर छत्तीसगढ़ में ये कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जो अकल्पनीय है। सीएम सोरेन ने सीएम भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये कार्यक्रम ऐसे वर्गों के लिए किया जा रहा है जो वर्ग सदियों से अलग-थलग शोषण से ग्रसित समाज में पिछड़ा हुआ था। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश के लिए संदेश है कि हम चाहे तो ये वर्ग हमारे लिए कदम से कदम मिलाकर चल सकता है।

छत्तीसगढ़ की योजनाओं को सराहा

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम लोग भी लगातार इन वर्गों की आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहें है। हम अनुसूचित जाति के बच्चों को विदेशों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्य अतिथि न होता तो भी कार्यक्रम में आता-सोरेन

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं भी आदिवासी समाज से आता हूं और किस तरीके से इस जगह पर पहुँचा हूं, ये बहुत बड़ी चुनौती रही है। आज आपके बीच आया हूं, मुख्य अथिति के रूप में आने का मौका मिला, लेकिन मैं बताना चाहता हूं, अगर आज मैं मुख्य अतिथि नहीं भी होता, तब भी इस कार्यक्रम को देखने के लिए जरूर आता। ये जनजातीय समाज अपने आप को अपने सभ्यता को अपनी संस्कृति को भौतिक वादी युग में बचाने के लीए लगातार संघर्ष कर रहा है। इस कार्यक्रम से आदिवासी जनजातियों को एक ऊर्जा और ताकत मिलेगा।

आदिवासियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

सीएम भूपेश ने कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ के नवनिर्माण में सबकी भागीदारी हो, जो सपना हमारे पुरखों ने देखा था, उसे हमें पूरा करना है। जब पूरे देश में मंदी थी, तब छत्तीसगढ़ के बाजार गुलजार थे। ये पहला राज्य है जिसमें उद्योगों के लिए लिया गया आदिवासियों का जमीन हमने वापिस किया है। गौठान बनाया गया है जिसमे प्रति किलो 2 रुपए गोबर खरीदी का काम सरकार कर रही है। लघो वनोपज से जुड़े और कृषि वनोपज से जुड़े उद्योगों को लगाने का काम हम कर रहें है। हमारी सरकार ने सिर्फआदिवासियों के कार्यक्रमों के साथ तमाम त्योहारों की भी छुट्टी की घोषणा की है। आदिवासी संस्कृति के प्रचार-प्रसार करने में हमारी सरकार लगी हुई है।

7 देशों के कलाकार बिखेरेंगे अपनी छटा

28 अक्टूबर से एक नवंबर तक 'राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव' एवं 'राज्योत्सव 2021 समारोह का आयोजन किया गया है. देश के 27 राज्यों और 6 केन्द्रशासित प्रदेशों के कलाकारों के साथ ही 07 देशों के नाइजीरिया, उजबेकिस्तान, श्रीलंका, यूगांडा, स्वाजीलैण्ड, मालदीप, पेलेस्टाइन और सीरिया से आए विदेशी कलाकार अपनी छटा बिखेरेंगे।

राहुल गांधी ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के आयोजन पर दी बधाई

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गुरुवार से शुरू हुए राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव समारोह के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधीने बधाई संदेश भेजकर छत्तीसगढ़ शासन की सराहना की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि आदिवासी कलाकारों को मंच देकर लोगों को आदिवासियों की प्राचीन और परंपरागत संस्कृति से अवगत कराने का यह कदम भारत की अनेकता में एकता के भाव को और मजबूत करेगा। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंजाब के सीएम चन्नी होंगे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल

पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आज राजधानी पहुंचेंगे। सीएम चन्नी शाम 7 बजे रायपुर पहुंचेंगे,जहां संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत विमान तल पर चन्नी का स्वागत कर अगुवाई करेंगे। तीन दिनों तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

गुटखा बेचने वाले हकले के नशेड़ी बेटे को जमानत मिल गई। इससे उन खबरिया चैनलों ने मीलों लंबी चैन की सांस ली होगी जो एक पखवाड़े से आर्यन की पैरोकारी में अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे थे। बॉलीवुड का भी एक तबका मोगांबो की तरह खुश हो गया होगा जो चरसी को मासूम बताता रहा है। नवाब मलिक जैसे नेताओं ने भी जश्न का इंतजाम किया होगा। बदनाम होकर चर्चा में आएं आर्यन खान और अनन्या पाण्डेय को लेकर करण जौहर यदि मारो दम मिटे गम नामक फिल्म बना दें तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

ड्रग्स केस में आर्यन खान को मिली जमानत

मुंबई/ए.। क्रूज़ ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को जमानत मिल गई है। आर्यन के साथ-साथ अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा को भी बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। लेकिन जेल से उनकी रिहाई अब शुक्रवार या फिर शनिवार को हो सकेगी।

लगातार 3 दिन की सुनवाई के बाद जमानत

बता दें कि जस्टिस नितिन सांब्रे की अदालत ने तीन दिन की लगातार सुनवाई के बाद गुरुवार को जमानत पर फैसला सुनाया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने तीनों आरोपियों- आर्यन, अरबाज और मुनमुन को जमानत दे दी। पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में आर्यन खान की पैरवी की थी, वहीं अरबाज मर्चेंट के लिए अमित देसाई और मुनमुन धमेचा के लिए अली काशिफ खान ने जोरदार दलीलें दीं। कोर्ट में एनसीबी की तरफ से एएसजी अनिल सिंह ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शुक्रवार या शनिवार को रिहाई

कोर्ट ने अभी ऑपरेटिव ऑर्डर दिया है। ऐसे में शुक्रवार को ऑर्डर की कॉपी आएगी। जिसे जेल प्रशासन को भेजा जाएगा। जेल में ऑर्डर की कॉपी पहुंचने के बाद ही रिहाई की प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में यदि शुक्रवार को जल्दी ऑर्डर कॉपी आ जाती है तो रिहाई भी हो जाएगी। लेकिन यदि ऑर्डर कॉपी आने में देर होती है तो आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा शनिवार को ही रिहा हो पाएंगे।

वानखेड़े को हाईकोर्ट से '72 घंटे की राहत'

मुंबई। उगाही के आरोपों की मुंबई पुलिस द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इस बीच वानखेड़े ने गुरुवार को बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और मामले की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग की। लेकिन कोर्ट ने उनकी अर्जी को खारिज कर दिया। सरकार के वकील ने कहा कि अगर एनसीबी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी बोले-कोरोना काल में आपसी संबंध और मजबूत हुए

■ 2022 को आसियान-भारत मित्रता वर्ष के रूप में मनाएंगे

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 18वें आसियान-भारत सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि, इतिहास गवाह है कि भारत और आसियान के बीच हजारों साल से जीवंत संबंध रहे हैं। इनकी झलक हमारे साझा मूल्य, परम्पराएं, भाषाएं, ग्रन्थ, वास्तुकला, संस्कृति, खान-पान, दिखाते हैं। इसलिए आसियान की यूनिटी और सेंट्रलिटी (केंद्रीयता) भारत के लिए सदैव एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2022 में हमारी पार्टनरशिप के 30 साल पूरे होंगे। भारत भी अपनी आजादी के 75 साल पूरे करेगा। मुझे बहुत खुशी है कि इस महत्वपूर्ण पड़ाव को हम आसियान-भारत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पटाखों पर रोक किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है : सुको

आनंद करने की आड़ में पटाखा उत्पादक नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं: कोर्ट

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस धारणा को दूर किया कि पटाखों पर उसके द्वारा रोक लगाना किसी समुदाय या किसी समूह विशेष के खिलाफहै। कोर्ट ने कहा कि आनंद की आड़ में वह नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन की इजाजत नहीं दे सकता है। जस्टिस एम आर शाह और जस्टिस ए एस बोपन्ना की पीठ ने स्पष्ट किया कि वे चाहते हैं कि कोर्ट के आदेशों का पूरी तरह से पालन किया जाए। बेंच ने कहा, 'आनंद करने की आड़ में आप (पटाखा उत्पादक) नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं। हम किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं हैं। हम कड़ा संदेश देना चाहते हैं कि हम नागरिकों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूर्योदय

उदय :	6:34 प्रात:
अस्त :	5:34 संख्या

जनसंख्या

विश्व :	7,902,858,310
भारत :	1,398,266,320

किसान आंदोलन में शामिल तीन महिलाओं को डंपर ने कुचला, मौत

नई दिल्ली। तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के टीकरी बॉर्डर पड़ाव में झज्जर-बहादुरगढ़ रोड पर बाईपास के फ्लाईओवर के नीचे पंजाब की निवासी तीन किसान आंदोलनकारी महिलाओं की डंपर से कुचले जाने से मौत हो गई। हादसे में दो महिलाएं घायल हुई हैं। सभी महिलाएं मानसा की निवासी थीं। गुरुवार सुबह करीब 6.15 बजे यहां कुछ महिलाएं और पुरुष स्थानीय रेलवे स्टेशन जाने के लिए ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रहे थे। उन्हें पंजाब जाना था।

पीके की भविष्यवाणी : बीजेपी दशकों तक बड़ी ताकत बनी रहेगी, राहुल भ्रम में जी रहे

नई दिल्ली/ए.। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर का मानना है कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले दशकों तक भारतीय राजनीति में एक बड़ी ताकत बनी रहेगी। अपनी गोवा यात्रा के दौरान प्रशांत किशोर ने ये बात कही है। प्रशांत किशोर ने कहा, जैसे कांग्रेस पहले 40 वर्षों तक भारतीय राजनीति के केंद्र में थी, उसी तरह बीजेपी भी, चाहे हारे या जीते, राजनीति के केंद्र में रहेगी। बीजेपी कहीं नहीं जाने वाली। एक बार जब आप राष्ट्रीय स्तर पर 30 प्रतिशत वोट हासिल कर लेते हैं तो इतनी जल्दी राजनीतिक तस्वीर से नहीं हटते। इस झांसे में मत पड़ना कि लोग मोदी से नाराज : गोवा के म्यूजियम में बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा, इस झांसे में कभी मत पड़ना कि लोग नाराज हो रहे हैं और वे मोदी को बाहर कर देंगे। शायद वे मोदी को बाहर कर देंगे, लेकिन बीजेपी कहीं जाने वाली नहीं है। आपको अगले कई दशकों तक बीजेपी से लड़ना होगा।

मनमानी | **एसबीआई का कैशियर ग्राहकों से कर रहा दुर्व्यवहार, अपमान सहने को लोग हो रहे मजबूर**

बुजुर्ग दिव्यांग महिला से बोला कैशियर-ये अमीरों का काउंटर है, तुम्हारे जैसे गरीब भिखारियों का नहीं

■ खुद को बैंक का मालिक समझ रहे कैशियर, कर रहे भेदभाव

सक्ती/नवप्रदेश। नगर में संचालित एसबीआई के एक कैशियर पर ग्राहकों से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा है। कैशियर खुद को बैंक का मालिक से कम नहीं समझते। वहीं अमीरों व गरीबों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार कर रहे। इससे गरीब व मध्यम वर्गीय तबके के ग्राहकों में कैशियर व बैंक प्रबंधन के खिलाफ भारी आक्रोश है। पिछले लंबे समय से कैशियर पर ये आरोप लग रहे, लेकिन इसका उदाहरण एक बार फि र 26 अक्टूबर को देखने को मिला। जब कैशियर दानिश अर्जुन सिंह के द्वारा एक बुजुर्ग विकलांग महिला को बोला गया कि यह अमीरों का काउंटर है यहां अमीर लोग लेनदेन करते हैं तुम जैसे गरीब भिखारी लोगों का काउंटर नहीं। बैंक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आवेदन मिला है जांच की जाएगी

इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक शाखा ब्रांच मैनेजर विवेक शांडिल्य द्वारा दूरभाष पर बात करने पर बताया ग्राहकों के साथ इस तरह का व्यवहार किया गया है लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

विवेक शांडिल्य,
बैंक शाखा ब्रांच मैनेजर

अपमान सहने के बावजूद महिला ने की निवेदन

बुजुर्ग दिव्यांग महिला द्वारा अपमान सहने के बावजूद कैशियर से निवेदन करते हुए कहा कि मुझे दवाई लेने के लिए रुपए की आवश्यकता है और मैं लगभग 2 घंटों से लाइन में लगी हुई थी और लंच हो गया और आप काउंटर में खाली बैठे हुए हैं आप चाहे तो मेरे खाते से पैसे का भुगतान कर सकते हैं। इस पर कैशियर ने कहा कि तुम यहां से जाती हो या गार्ड को बुला करके तुम्हें धक्का देकर बहार निकलवाऊ। वहां उपस्थित लोगों ने कैश काउंटर में बैठे बैंक कर्मचारी से कहा आप किसी बुजुर्ग दिव्यांग महिला का इस तरह अपमान नहीं कर सकते और आप केस काउंटर में बैठे हैं और आप व्यक्ति देख कर के लेन देन कर रहे हैं। यह गलत है इसके बाद भी कैशियर अपने अड़ियल रवैये पर अड़ा रहा।

जम्मू में मिनी बस खाई में गिरी, 8 की मौत

■ दर्जनभर घायल, पीएम मोदी ने की मुआवजे की घोषणा

जम्मू/ए.। जम्मू-कश्मीर के डोडा में एक मिनी बस के खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन के करीब लोग घायल हो गए। बस ठाठरी से डोडा जा रही थी। स्थानीय लोग तुरंत हरकत में आए और पीड़ितों को उस वाहन से बाहर निकालना शुरू किया। डोडा के एडिशनल एसपी ने कहा कि रेक्स्यू ऑपरेशन जारी है। सेना के जवानों के साथ मिलकर घायलों को खाई से निकाल जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ठाठरी इलाके से जिला मुख्यालय डोडा आ रही मिनी बस सुईबारी कराड़ा के पास खाई में गिर गई। अचानक चीख पुकार मचने के बाद आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंच गए। और इस हादसे की जानकारी पुलिस और सेना को दी। सूचना पाकर तत्काल सेना के जवान और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने स्थानीय लोगों की सहायता सेखाई में उतर घायलों को बाहर निकालने का प्रयास शुरु किया। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।

न्यूज गैलरी

7 वर्ष पूर्व निगम में तोड़फोड़ केस में आरोपी बनाए युवा कांग्रेसी बरी किए गए

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिला कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर ने बताया कि 7 वर्ष पूर्व तत्कालिक नगर निगम में भाजपा की सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार व जनता की समस्याओं को लेकर दुर्ग युवा कांग्रेस के द्वारा पदयात्रा कर नगर निगम का घेराव किया गया था और जनता की समस्याओं को हल करने की शांतिपूर्ण तरीके से मांग की थी । जिस पर तत्कालिक महापौर और कमिश्नर द्वारा युवा कांग्रेसियों पर तोड़फोड़ का झूठा आरोप लगाकर पुलिस में अपराध दर्ज कराया था जिसके लिए आंदोलन के बाद सात युवा कांग्रेसीयो को गंभीर धाराएं लगाकर गिरफ्तार कर लिया गया था । जिनमे तत्कालिक युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मिश्रा,राहुल शर्मा , इलियास चौहान, प्रकाश गीते, रज्जन अकील खान, अय्यूब खान,विजय चंद्राकर 7 दिनो तक जेल में रहे और 7 वर्षों के बाद आज जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती अंकिता गुप्ता के न्यायालय में इस आरोप से सभी को बाइज्जत बरी कर दिया गया। आज उन्हें आरोप से बा इज्जत बरी होने पर दुर्ग विधायक अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश यादव, जिला कॉन्ग्रेस अध्यक्ष गया पटेल पूर्व अध्यक्ष आर एन वर्मा जी , प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू जी ,प्रवक्ता नासिर खोखर सहित समस्त कांग्रेसियों ने बधाई दी ।

इंदिरा मार्केट से पसरा व्यवसायियों को हटाए जाने का विरोध

दुर्ग (नव प्रदेश)। दुर्ग इंदिरा मार्केट में पसरा लगा कर दिया बेचने वाले छोटे व्यवसायियों को वहा से हटा दिया गया जिससे दिया बेचने वालों में भारी रोष है उनका कहना है कि कोविड काल के बाद पहली बार बाजार में थोड़ी रौनक आयी है वो वर्षो से त्यौहार में अपनी दुकान उक्त स्थान पर ही लगाते हैं फिर भी अचानक उनको हटा देने से उनके सामने बड़ी संकट खड़ी हो गयी है क्योंकि उनका व्यपार केवल त्योहार तक ही चलता है। इस विषय को लेकर पसरा व्यवसायी विधायक और महापौर से भी मिले लेकिन कोई हल नही निकला युवा मोर्चा अध्यक्ष नितेश साहू स्थल पर पहुच कर अधिकारियों से बात कर दीवाली तक इनको नही हटाने का आग्रह किया और कहा की भरे त्यौहार में किसी को इस प्रकार से हटाना अनुचित है क्योंकि वैसे ही छोटे फुटकर पसरा व्यपारी कोरोना काल से आर्थिक समस्या से जूझ रहे है ये समय उनके व्यवस्थापन के लिए उचित नही है।

खुर्सीपार में बीएसपी आवास अवैध कब्जाधारी से खाली करवाया गया

भिलाई (नव प्रदेश)। भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर सेवाएं, प्रवर्तन विभाग, नगर पालिक निगम भिलाई, पुलिस प्रशासन की सयुंक्त टीम द्वारा डिक्री पारित सेक्टर 11 स्थित आवास को कार्यपालक मजिस्ट्रेट श्री योगेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन मे बेदखली की कार्यवाही दिनांक 27 अक्टूबर, 2021 को की गई। ज्ञातव्य हो कि पूर्व मे भी इस आवास को बेदखली की कार्यवाही करने की कोशिश की गई थी परन्तु भारी विरोध के चलते पूरा अमला बैरंग लौटा था, आज की कार्यवाही को भी बाधित करने की पुनः कोशिश की गई परन्तु मौके पर सभी बाधा डालने वालों को कार्यवाही समाप्त होते तक पुलिस कस्टडी मे रखा गया। बेदखल करने के बाद निकाले गए सामान को बेदखल हुए निवासी के सुपुर्द कर दिया गया। आवास को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति मे सील किया गया। इंफोर्सेनमेन्ट सेल, नगर सेवाएं, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अवैध कब्जेधारिओ के विरुद्ध लगातार बेदखली अभियान चलाए हुए है तथा आगे भी अवैध कब्जेधारिओ के विरुद्ध बेदखली अभियान निरंतर जारी रहेगा।

भिलाई के भलाई पर विधायक ने चाय पर लोगों से की परिचर्चा

सेक्टर 7 महाराणा प्रताप चौक पर वरिष्ठजनों के साथ पी चाय

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बुधवार की सुबह सेक्टर 7 महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। जहां वे आम नागरिकों से मिले। उनका हालचाल जाना। सब के साथ बैठक कर चाय पीते हुए चाय की चुस्की के साथ भिलाई की भलाई के विषय पर लंबी चर्चा की।

बीएसपी कर्मियों ने अपनी समस्याओं से विधायक देवेंद्र यादव को रूबरू कराया। विधायक को कई समस्याएं बताई। इसी प्रकार कई लोगों अपने सामाज से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। कुछ लोगों ने चाय पीते पीते अपनी पर्सनल समस्याएं भी बताई। लोगों से बात चीत कर उनकी समस्याओं को विधायक ने सूना और सभी की समस्याओं का निदान किया। जो निगम से संबंधित थे। उसके लिए निगम के अधिकारियों को निर्देशित किए और जो बीएसपी से संबंधित थे। उनके लिए बीएसपी प्रबंधन को कॉल कर समस्याओं का समधान करने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि विधायक देवेंद्र यादव जनता से जुड़े नेता हैं। जो लोगों से मिलकर उनके वार्ड, गली मोहल्ले में जाकर लोगों से मिलते हैं। उनका हालचाल और समस्याओं को जानकर निदान करते हैं। बुधवार की सुबह भी वे एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, डी. थामस, केआर साहू, कुमार स्वामी, एसपी पवार आदि के साथ दौरे पर निकले। यामहा बाइक में एमआईसी मेबर लक्ष्मीपति राजू के साथ बाइक में पीछे बैठ कर विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। विकास कार्यो का जायजा लिया। कहां क्या समस्या इसका भी अवलोन किया। इसके बाद महाराणा प्रताप चौक सेक्टर 7 पहुंचे। जहां चाय दुकान में बैठकर एकदम सामान्य नागरिकों की तरह लोगों के साथ मिले और सब के साथ चाय की चुस्कियां लेते हुए चाय पर भिलाई की भिलाई के लिए विभिन्न विषय पर चर्चा की और कई विकास कार्यो के लिए प्लानिंग की।

आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर समस्याओं को दूर करने का प्रयास हम लगातार कर रहे हैं। जनता की सेवा ही हमारा प्रमुख धर्म है। आम नागरिकों की समस्याओं को जानने और समझने के लिए उनके बीच रहना,आम होना जरूरी है। इसलिए आम नागरिकों के साथ चाय पीने के बहाने बैठकर चाय पर चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को वार्ड की समस्याओं को जानते हैं और उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास करते हैं।

विधायक को अपने बीच पाकर गदगद हुए लोग

भिलाई नगर विधायक यादव को अपने बीच पाकर लोग काफी खुश हुई। रोड से आने जाने वाले लोग भी विधायक श्री यादव को देख कर रूक और विधायक से मिले। वहीं वार्ड के कई वरिष्ठजनों से भी विधायक मिले। उन्हें प्रणाम किया और बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया। बुजुर्ग भी उन्हें देख कर, उनसे मिल कर काफी गदगद हुए और कहा कि आप विधायक नहीं हमारे बेटे है।

त्यौहार के मद्देनजर पार्किंग व्यवस्था बनाने निगम की टीम उतरी मैदान में

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत त्यौहार के मद्देनजर बाजारों में ट्रैफिक्र एवं पार्किंग व्यवस्था को दूरूस्त करने निगम का अमला मैदानी स्तर पर जुटा हुआ है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा व्यापारी संघ की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर पार्किंग व्यवस्था एवं ट्रैफिक्र व्यवस्था चाक-चौबंद किया जा रहा है। राजस्व विभाग का अमला घूम-घूम कर बाजार में बेतरतीब तरीके से वाहन पार्किंग करने वालों तथा सड़क पर टेन्ट लगाकर तथा सामान को फैलाकर व्यवसाय करने वालों को आज अंतिम समझाईश के साथ हटाते हुए व्यवस्था बनाकर व्यवसाय करने कहा गया। इसके पूर्व भी निगम, पुलिस और व्यापारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर त्योहारी सीजन में पार्किंग और सुरक्षा के लिए व्यवस्था बनाने की अपील की गई थी। बाजारों में रात्रि में रोशनी के लिए निगम द्वारा आवश्यकतानुसार बाजार में लाईट लगाए जा रहे है। सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सोरी और शरद दुबे ने बताया कि बाजार एरिया का निरीक्षण किया इस दौरान सड़क बाधा एवं बेतरतीब तरीके से समान लगाकर व्यवसाय करने वालों को चेतावनी दी गई तथा पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, जवाहर मार्केट एवं सुपेला से गदा चौक तक सड़क के दोनों तरफ दुकानदार अपने हक से अधिक स्थान सड़क पर कई फीट दूर तक टेन्ट, शमियाना लगाकर सामान फैलाकर सड़क बाधा करने वालों को हटवाया गया, समझाईश के बाद भी दोबारा सड़क बाधा करते हुए पाए जाने वाले दुकानदार के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई, वही त्योहार में सामान खरीदने आए हुए नागरिक जो कि बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ी करते हैं उन्हें पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ी करने बताया जा रहा है। भीड़ वाले क्षेत्रों में पसरा लगाने वालों के लिए निगम प्रशासन द्वारा निश्चित दायरा चिन्हित किया जा रहा है।

2 हजार कर्मियों को दिवाली के पूर्व वेतन के साथ एरियर्स भी मिला

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम दीपावली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आदेशनुसार नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दीपावली पूर्व वेतन के साथ महंगाई भत्ते का एरियर्स एवं प्रत्येक नियमित कर्मचारियों को अग्रिम एडवांस का भुगतान आयुक्त हरेश मंडावी, महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर स्थापना शाखा एवं लेखा विभाग के द्वारा निगम के 2 हज़ार नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को दिपावली के पूर्व उनके खाते में 3 करोड़ रुपए वेतन एवं एरियर्स खाते में जमा करवाया गया।

आयुक्त हरेश मंडावी एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने दीपावली पर्व को देखते हुए इस बार वेतन के साथ एरियर्स और अग्रिम की राशि खाते में जमा कराते हुए दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं अधिकारी व कर्मचारियों को दी एवं उन्होंने अधिकारी और कर्मचारियों से कहा कि राज्य शासन के निर्देशनुसार निगम द्वारा सर्वप्रथम यहाँ निर्णय लिया गया कि सबसे पहले कर्मचारियों का भुगतान होने से वह अपने परिवार के साथ दीपावली त्योहार की तैयारी कर सके।जिसके फलस्वरूप समस्त अधिकारी और कर्मचारियों ने आयुक्त और महापौर से सामूहिक रूप से मिलकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाए दी ।

एएम हॉस्पिटल का मंत्री ने किया लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने पदुम नगर भिलाई में एएम हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। मंत्री गुरू ने इस अवसर पर अस्पताल संचालक एवं प्रबंधकों व चिकित्सकीय स्टाफ को शुभकानाएं दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधा के साथ अस्पताल में उपचार की व्यवस्था होने से आस-पास क्षेत्र के लोगों को शारीरिक तकलीफ होने पर दूर न जाकर पास में ही उपचार कराने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी की स्थिति में बिना समय गवाएं, तत्काल अस्पताल पहुंचना होता है। इस स्थिति में यह अस्पताल आस-पास के लोगों के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधकों को मानवीय संवेदना और सहृदयता के साथ मरीजों का उपचार करने कहा। उन्होंने कहा कि चिकित्सक आधुनिक समय में जीवन देने का काम करते हैं। इसे स्मरण रखते हुए सेवा भाव से मरीज का उपचार करने कहा।

बीएसपी के सेफ्टी वारियर से सुरक्षा संवर्धन हेतु ईडी ने की चर्चा

सेफ्टी वॉरियर के स्वैच्छिक योगदान की जमकर की तारीफ

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संयंत्र के सुरक्षा संवर्धन में कार्मिकों की स्वैच्छिक भागीदारी को बढ़ाने हेतु संयंत्र के कार्मिकों को ÷सेफ्टी वॉरियर÷ के रूप में स्वैच्छिक रूप से योगदान देने हेतु प्रेरित किया है। सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष तथा कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्री जी पी सिंह ने बताया कि संयंत्र के प्रत्येक विभाग से जो कार्मिक व अधिकारी स्वैच्छिक रूप से सुरक्षा को मजबूत करने हेतु अपना योगदान देना चाहते है वे अपना नाम सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग को सेफ्टी वॉरियर के रूप में नामांकित कर सकते है। वर्तमान में संयंत्र में 125 बीएसपी कार्मिक व अधिकारी सेफ्टी वॉरियर के रूप में अपना योगदान दे रहे है। सेफ्टी वॉरियर के रूप में सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्मिकों व अधिकारियों के योगदान को रेखांकित करने हेतु मानव संसाधन विकास विभाग में ईडी (वर्क्स), श्री अंजनी कुमार के मुख्य आतिथ्य में एक सुरक्षा वार्ता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग के कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्री जी पी सिंह ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए इस वार्ता सत्र के उद्देश्यों तथा सेफ्टी वॉरियर द्वारा संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति के विकास में दिये जा रहे उनके योगदान को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेषक (वर्क्स), श्री अंजनी कुमार ने सेफ्टी वॉरियर्स के योगदान की भूरि-भूरि प्रषंसा करते हुए कहा कि आप सभी सुरक्षा दूत है जिनके प्रयासों से हम सुरक्षा की एक सुदृढ़ संस्कृति का निर्माण करने में सफल होंगे। मै आपके इस स्वैच्छिक योगदान के प्रति तहेदिल से आभारी हूं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हकप्राप्तकर्ता योगेश कुमार साहू पिता स्व. पढन लाल साहू निवासी ग्राम साहू सदन के पास केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम ..... तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 428/59 रकबा 1275 वर्गफुट भूमि को हकत्यागकर्ता मानाबाई साहू पति स्व. पठन लाल साहू अन्य-3 ग्राम साहू सदन के पास केलाबाड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 04/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता पटेल पति हितेश भाई पटेल निवासी मलवीय नगर दुर्ग मौजा चिखली प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 420/1 का टु. रकबा 0.110 हे./ को विक्रेता/ बी.एण्ड.एस रियेक्टर्स प्रा. लि. डाय. हरबक्श सिंह बत्रा पिता स्व. गुरूबक्श सिंह बत्रा से दिनांक 21/10/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषण-पत्र

रा.प्र.क्रं./ अ-6/2021-22

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतलाल आ. पति मंशा राम निवासी उमरपोटी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उमरपोटी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 94, 110 रकबा 0.0300 हे. भूमि जो कि स्व. कुंती पिता स्व. मंशा राम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु कुंती पिता मंशाराम 19/4/21 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 11/11/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल सिंह पिता जितेन्द्र सिंह अन्य 1 साकिन रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 650/4 कुल रकबा 0.018 हे. भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202103100700168

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत फरिकार पिता हिरउ राम फरिकार निवासी ग्राम जल परिसर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/22 रकबा 0.009 हे. भूमि को विक्रेता वेरौनिका कोसरे पति संतोष कुमार कोसरे निवासी ग्राम गुरूघासीदास वार्ड कसारीडीह दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202110101000090/202110101000090
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार
रामसेवक वट्टी
अनावेदक पक्षकार - राजेन्द्र कुमार कोला

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसेवक वट्टी पिता/पति/विभाग- मनुराम वट्टी पता पुस्वाड़ा कालोनी कांकेर द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 4238/11 रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को रिजस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता राजेन्द्र कुमार कोला पिता बिसाडू राम कोला पता दल्लीराजहरा कालोनी जिला बालोद से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाब्त आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 18.11.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.10.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अपर कलेक्टर दुर्ग जिला दुर्ग

सूचना

क्र./प्र.अ.कले./2021
पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक
202012103100009/15/अ-27 वर्ष 2020/21

दिलेश्वर आ. संतराम सोनवानी एवं कैलाश आ. संतराम सोनवानी निवासी ग्राम रूदा तह. गुंडरदेही जिला बालोद (छ.ग.) पुनरीक्षणकर्ता बसंत कुमार साहू आ. सामरथ सतनामी, निवासी ग्राम चारभांठा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार जांमगांव (आर) तह. पाटन जिला दुर्ग के राजस्व प्रकरण क्रमांक 201707101700000019/50/अ-70 वर्ष 2016-17 आदेश दिनांक 29/10/20, 07/11/20 एवं 21/11/20 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से पुनरीक्षण आवेदन पेश किया है। जिसमें सुनवाई दिनांक 09/11/21 नियत है। अतः सुनवाई दिनांक 09/11/21 को समय 11:00 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्ष की कार्यवाही की जाएगी।

मुहर — अपर कलेक्टर, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400487

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनीष मढरिया अन्य1 आ. घनश्याम मढरिया निवासी डोमा पोस्ट बोरी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 2 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1612/12, 1615/7 रकबा 0.026 हें/ 2962 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक होमसिंह यादव आ. शत्रुहन लाल वगैरह साकिन गनियारी द्वारा ग्राम गनियारी प.ह.न.-10 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 235 रकबा 0.02 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता अशोक कुमार आ. चोवाराम से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.11.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400453

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका मिथलेश सिंह पति आर.एम.सिंह निवासी पुराना मार्केट बचेली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 177/14 रकबा 0.020 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400476

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुनीता देशमुख पति ओंकार प्रसाद देशमुख निवासी मका. नं. 644 वार्ड-16 चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 217/21 रकबा 0.0120 हें/ 1350 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400477

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती श्वेता देशमुख पति राजेश कुमार देशमुख निवासी मैत्री नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 217/22 रकबा 0.0120 हें/ 1350 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400474

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सचिन सिंह नागेश आ. श्री उदय सिंह नागेश निवासी मका. नं. 76 पुराना (छ.ग.) विद्युत मंडल कार्यालय के पास धरमपुरा बस्तर तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 303/27 रकबा 0.0200 हें/ 2250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400277

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भूपेन्द्र कुमार आ. भनेश्वर निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 439/6 रकबा 0.020 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400475

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सुनिल कुमार उईके आ. श्री विलास राव उईके निवासी कांजीहाउस के पास वार्ड नं. 14 नैनपुर मंडला मध्यप्रदेश तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 217/45 रकबा 0.0200 हें/ 2250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202110100700183 /अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राघवेन्द्र कुमार साहू पिता भोजराम साहू निवासी ग्राम पंचशील सेक्टर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 250/39 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार भोजराम साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

वायुसेना में भर्ती हेतु 9वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर एवं भारतीय वायुसेना की 15 एयरमेन सलेक्शन सेन्टर, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित करने के उद्येश्य से आज 27 अक्टूबर को समय सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक जे0एन0 पाण्डेय, बी.पी. पुजारी, पं0 आर.डी. तिवारी.एवं शहीद स्मारक उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शालाओं में भारतीय वायु सेना के अधिकारी.सार्जेंट एस.के. सिंह, सार्जेंट टी.के. यादव, सार्जेंट राकेश कुमार एवं उपसंचालक रोजगार श्री ए0ओ0 लारी द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत् 650 से अधिक विद्यार्थियों को भारतीय.वायुसेना में भर्ती होने हेतु प्रोत्साहित करने संबंधी PUBLICITY DRIVE का आयोजन.किया गया।

उक्त "PUBLICITY DRIVE" के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना तकनीकी/गैर तकनीकी पदों की जानकारी एवं एक्स ग्रुप तथा वाय ग्रुप में चयन हेतु वांछित शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा एवं शारीरिक दक्षता तथा चयन प्रक्रिया से संबंधित समस्त जानकारियां प्रदान की गयी। उपस्थित आवेदकों का कैरियर मार्गदर्शन भी किया गया।

रिश्तेदार ने युवती की फर्जी आईडी बना कर अश्लील तस्वीरें करता था पोस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले 4 महीनों से देवेंद्र नगर इलाके की एक लड़की बेहद परेशान थी। परेशानी की वजह इंस्टाग्राम पर उसी के नाम पर बनी एक फर्जी आईडी। इस आईडी से युवती के नाम पर कई अश्लील तस्वीरें पोस्ट की जा रही थीं। कुछ तस्वीरों में युवती का चेहरा ही फोटोशॉप से एडिट करने के पोस्ट किया गया था। युवती ने घर वालों को ये बात बताकर देवेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। इस केस की जांच करते हुए अब पुलिस को वो शख्स मिल गया है जिसने इस करतूत को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक इस फर्जी आईडी को बनाकर युवती को तंग करने वाला और कोई नहीं उसी का दूर का रिश्तेदार है। आरोपी युवती के ही खानदान से है। देवेंद्र नगर इलाके में ही रहता है। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सुरेश कुमार पटेल है। 33 साल का सुरेश मारुती सेल्स नाम की एक कंपनी में काम करता है। इसी ने अपने फोन से युवती की फेक आईडी बनाई, प्रोफाइल में तस्वीर और नाम युवती का ही इस्तेमाल किया था।

माजदा की चपेट में आने से मासूम की मौके पर मौत, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। किराना दुकान से चाकलेट खरीदकर लौट रही छह साल की मासूम तेज रफ्तार माजदा की चपेट में आ गई। हादसे में घायल मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, माजदा का चालक वाहन लेकर भाग रहा था। ग्रामीणों ने माजदा के चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। शव को मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मस्तूरी क्षेत्र के रिस्दा में रहने वाले अरविंद जोशी किसान हैं। उनकी छह साल की बेटी लीशा चाकलेट लेने के लिए पास के दुकान गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आज शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

दीपावली दीप महोत्सव त्रिदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आमगांव में

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम आमंगांव में भूतपूर्व विधायक स्व. झिटकुराम नेताम एवं शहीद विनोंद ध्रुव टी.आई वं शहीद चन्द्रहास ध्रुव आरक्षक के गृह ग्राम वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ हाईस्कूल मैदान में दीपावली दीप महोत्सव पर्व पर त्रिदिवसीय डे-नाईट कबड्डी प्रतियोगिता कर्मचारी संगठन एवं नवयुवक मडंल के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 03/11/2021 दिन बुधवार को समय 03 बजे से 05/11/2021 दिन शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कबड्डी में प्रथम ईनाम 11111रूपया,दितीय ईनाम 6666 रूपया रखा गया है। इसी प्रकार रस्सा खींच एवं घड़ा फोड़, वं रगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके तैयारी में अध्यक्ष अखतर हुसैन खान, उपाध्यक्ष कैलाश सलामें,कोषाध्यक्ष वैदकुमार गंजीर, सचिव तुलेशवर कश्यप, सहसचिव जागेश्वर नेताम,कपिल ध्रुव, संचालक सुदे भास्कर,संगीत नेताम लगे हुए हैं।

जसीडीह जंक्शन के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा 5 नवम्बर से

रायपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियो की सुविधाओ एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा वास्को-द-गामा एवं जसीडीह जंक्शन के मध्य 06397/06398 वास्को-द-गामा- जसीडीह-वास्को-द-गामा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन मडगांव से 06397 वास्को-द-गामा-जसीडीह स्पेशल ट्रेन की सुविधा 05 नवम्बर, 2021से 28 जनवरी, 2022 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। यह गाड़ी अगले दिन दुर्ग में 11: 55 बजे एवं रायपुर में 12:35 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 06398जसीडीह-वास्को-द-गामा स्पेशल ट्रेन की सुविधा 08 नवम्बर से 31 जनवरी तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। यह गाड़ी अगले दिन रायपुर में 6:35 बजे एवं दुर्ग में 7:30 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02एसएलआर, 05 सामान्य, 11 स्लीपर, 02 एसी थ्री, 01 एसी-टू सहित कुल 21 कोच रहेगी। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित रहेगी एवं केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी तथा साथ ही यात्रा के दौरान कोविड-19 के सभी नियमों का आवश्यक रूप से पालन करना होगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने सोनिया गांधी को लिखा पत्र

साय ने सोनिया गांधी से कहा-ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर स्थिति स्पष्ट करें

- प्रदेश के हालातों से कराया अवगत

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखा है, जिसके जरिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के हालात से उन्हें अवगत कराया है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ में पूरे डेढ़ दशक के बाद कांग्रेस सत्ता में लौटी है। हमने जनादेश का पूरा सम्मान करते हुए रचनात्मक विपक्ष की भूमिका स्वीकार की। अनेक तरह के वादे कांग्रेस ने अपने जन-घोषणापत्र में किए, उनके ज़मीनी सच के बारे में बाद में प्रसंगानुसार आपको अवगत कराऊंगा। भारी बहुमत के साथ कांग्रेस की जो सरकार छत्तीसगढ़ में बनी, उसने राजनीतिक सौहार्द के स्थान पर राजनीतिक प्रतिशोध का ऐसा सिलसिला चलाया कि न केवल विपक्ष, अपितु अब कांग्रेस के लोग भी त्रस्त होकर प्रदेश सरकार के आचरण का मुखर विरोध करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग तीन माह से भी ज़्यादा समय से प्रदेश में ढाई-ढाई साल के मुद्दे को लेकर कांग्रेस और प्रदेश सरकार में जो सत्ता-संघर्ष मचा है, धीरे-धीरे अब वह क़ोहराम की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है। इसकी शुरुआत कांग्रेस के ही एक विधायक द्वारा अपनी ही प्रदेश सरकार के मंत्री और ढाई-ढाई साल के फ़ार्मूले के मुताबिक मुख्यमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे।

उन्होंने अपने पत्र में आगे लिखा है कि प्रदेश में कांग्रेस अंतर्कलह से जूझ रहा। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव 'बाबा' पर लगाए गए हत्या के प्रयास के सनसनीखेज़ आरोप से हुई और अब हालात ये हो गए हैं कि एक तरफकांग्रेस सत्ता के मोर्चे पर अंतर्कलह से जूझ रही है तो दूसरी तरफ पार्टी संगठन में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। इसकी ताजा परिणिति हाल ही कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सहप्रभारी सप्तगिरी शंकर उलका की उपस्थिति में मारपीट, धक्कामुक्की के रूप में हुई है। कांग्रेस में अब आलम यह है कि एक खेमा दूसरे खेमे की बात तक सुनने को तैयार नहीं है।

श्री साय ने अपने पत्र में जशपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में हुई हाथापाई का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के जशपुर में आहूत कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष और माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य पवन अग्रवाल के संबोधन के ऐन बीच में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थक बताए जा रहे एक सदस्य ने मंच पर जाकर माइक छीना और उनके साथ धक्कामुक्की व मारपीट की। अग्रवाल मंत्री सिंहदेव के समर्थन में अपनी बात रख रहे थे।

श्री साय ने सोनिया गांधी से कहा कि प्रदेश कांग्रेस और प्रदेश सरकार के जमीनी हालात से आप वाकिफ होंगी ही। आप यह भी भली प्रकार जानती ही हैं कि छत्तीसगढ़ देश का शांतिप्रिय एक प्रदेश है।

परस्पर सद्भाव के साथ सब मिलकर काम करते हैं। लेकिन कांग्रेस और प्रदेश सरकार में सत्ता के लिए मचे कोहराम ने सबकुछ बिगाड़कर रख दिया है। इसके चलते प्रदेश में जनकल्याण और विकास के सारे काम ठप पड़े हैं, न कोई काम कर रहा है, न कोई काम हो रहा है। सरकार के मंत्रियों और विधायकों समेत प्रदेशभर में कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधि कोई काम नहीं कर रहे हैं और सब इस या उस गुट का संतुलन साधने और शक्ति-प्रदर्शन में मशगूल हैं। ऐसे हालात में, जबकि कांग्रेस में सत्ता का कलह और गुटीय लड़ाई गैंगवार की शक्ल में परिणति होती जा रही है, एक सजग विपक्षी दल के नाते भाजपा की इसे लेकर चिंता राजनीतिक आग्रहों से परे राजनीतिक सौहार्द और स्थिरता तथा प्रदेश के कल्याण की दृष्टि से सहज स्वाभाविक है। कांग्रेस की अभा अध्यक्ष होने के नाते अब आपको ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर स्थिति स्पष्ट करने की पहल करनी चाहिए।

भाजपा आदिवासी नृत्य महोत्सव पर सवाल करके संस्कृति के संरक्षण का विरोध कर रही: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा आदिवासी नृत्य महोत्सव पर सवाल खड़ा कर के आदिवासी संस्कृति के संरक्षण का विरोध कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पूछा कि भारतीय जनता पार्टी को आदिवासियों से इतनी चिढ़ क्यों है? छत्तीसगढ़ में आदिवासी वर्ग की 32 प्रतिशत आबादी है राज्य के बड़े भू-भाग में आदिवासी रहते है। राज्य में विविध आदिवासी संस्कृतियां पुरातन समय से है। 15 साल तक छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। भारतीय जनता पार्टी ने कभी आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास नहीं किया। आज जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आदिवासियों की संस्कृति के साथ-साथ उनके आर्थिक शैक्षणिक उन्नति के लिये प्रयास कर रही है तो भारतीय जनता पार्टी को पीड़ा हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आदिवासियों की आर्थिक उन्नति के लिये वनोपजों के संग्रहण की परिधि को बढ़ाया गया। 7 वनोपजों की जगह 52 वनोपज की खरीदी शुरू की गयी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को मानदेय 2500 से 4000 रु. किया गया। आदिवासियों की अधिग्रहित की गयी जमीनें वापस किया गया, 4.5 लाख वन अधिकार पट्टों के पुर्नसर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू की गयी। बस्तर, सरगुजा के युवाओं को सरकारी नौकरी में अधिक भागीदारी देने के उद्देश्य से बस्तर सरगुजा में कनिष्ठ चयन बोर्ड का गठन किया गया। आदिवासी वर्ग के सम्मान के लिये विश्व आदिवासी दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित किया गया। भारतीय जनता पार्टी चाहती तो वह भी 15 साल के शासनकाल में आदिवासी समाज के कल्याण के लिये योजना बनाती। भाजपा ने योजना तो नहीं बनाया आदिवासियों से 2003 के चुनाव में किया गया वायदा हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने का और हर आदिवासी परिवार को 10 लीटर दूध वाली जर्सी गाय देने का वायदा भी पूरा नहीं किया था। आज भी भाजपा आदिवासी नृत्य महोत्सव का विरोध इसलिये कर रही है क्योंकि 2018 के विधानसभा चुनाव में इस वर्ग की अधिकांश विधानसभा सीट भाजपा हार गयी थी।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव
स्मार्ट सिटी लिमि. के टीम ने की लोक कलाकारों की अगवानी

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में सम्मिलित होने देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशी लोक कलाकार राजधानी रायपुर पहुंच चुके हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन और नगर निगम कमिश्नर प्रभात मलिक के निर्देशन में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी में जुटा हुआ है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के अतिरिक्त प्रबंध संचालक एवं महोत्सव के नोडल अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के नेतृत्व में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के इंजीनियर दक्षिण जोन के पांच राज्यों से राजधानी पहुंचे लोक कलाकारों की अगवानी की है। इस राज्योत्सव में देशभर के लोक कलाकारों के साथ ही युगांडा, फिलीस्तीन, स्वीटजरलैण्ड, उज्बेकिस्तान, नाइजीरिया, माले एवं श्रीलंका आदि देशों के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से शुरू हो रहे राज्योत्सव में प्रस्तुति के लिए अंडमान निकोबार, केरल, पुदुचेरी, तमिलनाडु, लक्षद्वीप की टीमें कल देर रात रायपुर पहुंची। इनकी अगवानी के लिए नोडल अधिकारी श्री चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के इंजीनियर अंकुर अग्रवाल, योगेन्द्र साहू, नीलम किंडो, शुभम तिवारी और विकास साहू ने इनका रेल्वे स्टेशन पर स्वागत किया।

गौठानो में अधिक से अधिक पैरा का करे दान

- पर्यावरण को सुरक्षित रखने पैरा को जलाये नहीं
- सर्वाधिक पैरा दान करने वाले कृषक होंगे पुरष्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने राज्य शासन की महत्त्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गोठानों में सालभर चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु किसानों को पैरा-दान करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये निर्देशित किया है।

उन्होंने कहा कि खरीफ धान फसल की कटाई में कंबाईन हार्वेस्टर का बहुतायत उपयोग होता है। हार्वेस्टर से कटाई उपरांत फसल अवशेष (पैरा) खेत में फैल जाता है। खेत में फैले हुए पैरा को किसान आमतौर पर समेटते नहीं है और खेत में जला देते है।इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है और पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध नहीं हो पाता है। खेत में फैले हुए फसल अवशेष (पैरा) को सुविधानुसार एकत्र किया जा सकता है। इसके अलावा कल्टीवेटर के पीछे तार जाली लगाकर या देशी यंत्र कोपर द्वारा भी खेत में फैले हुए पैरा को एकत्र किया जा सकता है।इससे पर्याप्त मात्रा में पैरा की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। गोठान में एकत्र पैरा को गोठान स्तर पर आवश्यकतानुसार बंडल बनाकर सुरक्षित रखा जा सकता है।

ज्ञात हो कि गोठानों में सामान्यतः प्रतिदिन प्रति पशु औसतन दो किलोग्राम पैरा की आवश्यकता होती है, व प्रतिदिन औसतन एक ट्राली पैरा की खपत के हिसाब से 150 दिन के लिये 150-200 ट्राली पैरा की खपत होती है। गोठान ग्राम में पशुओं की आवक संख्या के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में सूखे चारे की व्यवस्था करने हेतु पैरा-दान किया जा सकता है।

डस्टबीन नहीं रखने पर 4 दुकानदारों एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने पर 15 दुकानदारों से नगर निगम ने वसूला जुर्माना

75 व्यक्तियों से गन्दगी फैलाने पर 6450 रूपये जुर्माना वसूला

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी 10 जोनों में जोन कमिश्नरों के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में समस्त जोनों के बाजारों में स्वच्छता को लेकर सघन जनजागरण का अभियान निरंतर प्रगति पर है। बाजारों में दुकानों में एवं दुकानों के आसपास गन्दगी पाये जाने पर बुधवार को अभियान चलाकर कुल 75 दुकानदारों से गन्दगी फैलाने पर कुल मिलाकर 6450 रूपये जुर्माना वसूला गया।

नगर निगम की प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने बताया कि इस अभियान के तहत जोन जोन 3 की टीम ने 14 व्यक्तियों पर 6450 रूपये, जोन 4 की टीम ने 9 लोगों पर 800 रूपये, जोन 5 की टीम ने 11 व्यक्तियों पर 700 रूपये, जोन 6 की टीम ने 5 व्यक्तियों पर 900 रूपये, जोन 7 की टीम ने 21 लोगों पर 1100 रूपये, जोन 8 ने 13 लोगों पर 1100 रूपये एवं जोन 10 की टीम ने 2 व्यक्तियों पर 600 रूपये का जुर्माना गन्दगी फैलाये जाने पर स्थल पर किया. इस प्रकार आज बाजारों में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा कुल 75 व्यक्तियों पर कुल मिलाकर 6450 रूपये का जुर्माना सम्बंधितों को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की स्पष्ट हिदायत देकर वसूला गया. इसी तरह आज निगम जोन 4 की टीम द्वारा अपने जोन क्षेत्र के बाजार में कुल मिलाकर सम्बंधित 4 दुकानदारों से कुल 200 रूपये रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देकर वसूला. इसी पतरह प्रतिबंधित पॉलीथिन दुकान में रखने पर 15 दुकानदारों पर 1000 रूपये जुर्माना किया गया. इसमें जोन 4 ने 12 दुकानों पर 850 रूपये एवं जोन 7 ने 3 दुकानों पर 150 रूपये जुर्माना प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर किया गया. अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

पेगासस मामले में सुप्रीम कोर्ट के जांच के आदेश से केंद्र बेनकाब होगी: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पेगासस जासूसी मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट के जांच आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आम जनता की निजता का उल्लंघन करने की सोच रखने वालों को न्यायालय ने आईना दिखाया। पेगासस जासूसी मामले की जांच को लेकर लगातार देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं अन्य राजनीतिक दलों, नामचीन पत्रकारों ने निष्पक्ष जांच की मांग की लेकिन सत्ता के अहंकार में मदमस्त मोदी सरकार ने पेगासस की जांच से बचती रही एवं निजता के अधिकार का हनन करती रही है। पेगासस जासूसी कांड उजागर होने के बाद देश की जनता अपनी निजता को लेकर चिंतित और परेशान रही है अब सर्वोच्च न्यायालय के जांच आदेश के बाद पेगासस प्रकरण का दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। पेगासस जासूसी कांड की जांच एक्सपर्ट कमेटी करेगी, इसे 8 हफ्ते में रिपोर्ट देगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी भाजपा की सरकार संवैधानिक ढांचे को खंडित करने में तुली हुई है आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है पेगासस जासूसी कांड के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं? उनकी क्या मंशा रही है? किस उद्देश्य से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं अन्य राजनीतिक दल के नेता सहित नामचीन पत्रकार एवं डॉक्टर उद्योगपतियों की जासूसी कराई गई? अब जनता के बीच उजागर हो जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि विश्व के 300 से अधिक मीडिया संस्थानों ने पेगासस जासूसी कांड का भंडाफोड़ करने काम किया था। इजराइल की कंपनी जो पेगासस सॉफ्टवेयर डेवलप करती है। उन्होंने भी सार्वजनिक तौर पर बयान देकर कह चुके हैं कि उनका सॉफ्टवेयर किसी भी देश में सिर्फ सरकार के साथ ही डील होने के बाद कार्य करती है। निजी संस्था या निजी व्यक्ति के साथ उनका किसी भी प्रकार डील नहीं होता है। ऐसे में भारत में जासूसी प्रकरण के पीछे कौन सी ताकत मौजूद है यह सार्वजनिक होना अति आवश्यक है।

जनहितकारी — उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने 55 लाख से अधिक की लागत के विकास कार्यो का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

राज्य के विकास के लिए कार्य कर रही सरकार : शिक्षामंत्री पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने बुधवार को रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया और 55 लाख 71 हजार रूपए की लागत के विकासकार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। जिसमें 40 लाख 83 हजार रुपये की लागत वाले कार्यों का लोकापर्ण एवं 14 लाख 88 हजार रुपये की लागत वाले 4 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस दौरान श्री पटेल ने ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं संबंधित अधिकारी को इसके निराकरण के निर्देश दिए।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल पुसौर विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूचिदा, पुसल्दा, शंकरपाली, लिटाईपाली एवं जतरी गांवों का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंनें उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण परिवेश व उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गयी योजनाएं आज गांव और ग्रामीणों की मजबूती के आधार बन रहे हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों को धान के साथ दूसरी फसलों के उत्पादन के लिए आदान सहायता दी जा रही है। शासन ने पिछले दिनों योजना का विस्तार कर इसके अंतर्गत उद्यानिकी फसलों को शामिल किया है। वहीं अब भूमिहीन श्रमिकों के लिए नई योजना राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना शुरू की गई है। इसके तहत 6 हजार रुपये की अनुदान सहायता इसी वित्तीय वर्ष से दी जाएगी। आदिवासी अंचल के निवासियों के आजीविका का मुख्य स्त्रोत वनोपजों के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी करने के साथ ही कई दूसरे वनोपजों को भी समर्थन मूल्य के दायरे में लाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार आजीविका संवर्धन के साथ ही बेहतर शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय शुरू किया है। जिसका लगातार विस्तार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इससे लाभान्वित किया जा सके।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन- उच्च शिक्षामंत्री श्री पटेल ने 40 लाख 83 हजार रुपये के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें ग्राम लिटाईपाली, जतरी व रूचिदा में 10 लाख 50 रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय निर्माण, लिटाईपाली व जतरी में 12 लाख 40 हजार रुपये की लागत से मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण, जतरी एवं शंकरपाली में 11 लाख 38 हजार रुपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, रूचिदा में 4 लाख 55 हजार रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण एवं ग्राम-रूचिदा के डलवाडीपा एवं कबीर चौक में 2 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी निर्माण का कार्य शामिल है। इसी तरह श्री पटेल ने 14 लाख 88 हजार रुपये की लागत से 4 कार्यों का भूमिपूजन हुआ। जिसमें ग्राम लिटाईपाली एवं पुसल्दा में 6 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण एवं ग्राम-लिटाईपाली में 8 लाख 88 हजार रुपये की लागत से दो नाली निर्माण का कार्य का शामिल है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री आकाश मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर श्री सुशील भोय, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर श्री गोपी चौधरी, सदस्य जनपद पंचायत श्रीमती रूपा दिनेश पटेल, श्रीमती अनुसुईया चौहान, सरपंच ग्राम पंचायत रूचिदा श्री देवकुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पुसल्दा श्रीमती रामकुमारी भागीरथी पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

संपादकीय

महबूबा और फारूख पर कार्यवाही कब

हमेशा पाकिस्तान का राग अलापने वाले जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर पाकिस्तान का समर्थन करने वालों की पैरोकारी की है। भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्डकप के मैच में पाकिस्तान की जीत पर जम्मू कश्मीर सहित कई स्थानों पर पाकिस्तान परस्त लोगों ने जश्न मनाया, जिनके खिलाफ अब सरकार कार्यवाही कर रही है और उनके विरूद्ध देशद्रोह का मामला बना रही है जो स्वागत योग्य कदम है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पाकिस्तान की जीत पर खुशी मनाने वाले कश्मीरी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है। इसी तरह कश्मीर में भी जिन कश्मीरी छात्र-छात्राओं ने पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाया था उन्हे भी गिरफ्तार किया गया है। सरकार की इस कार्यवाही का विरोध करते हुए जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने उन गिरफ्तार विद्यार्थियों की तत्काल रिहाई की मांग की है। इसी तरह डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने एक बयान में कहा है कि कश्मीर में पाकिस्तान की जीत पर जश्न नहीं मनाया गया था बल्कि केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को चिढ़ाने के लिए खुशी का इजहार किया गया था क्योंकि कश्मीर से 370 के खात्में के बाद से स्थाननीय युवाओं में आक्रोश व्याप्त है जो कभी भी विस्फोट कर सकता है। निश्चित रूप से महबूबा मुफ्ती और फारूख अब्दुल्ला का यह बयान भड़काऊ है। इसके पूर्व भी उन नेताओं ने कई बार इस तरह की भड़काऊ बयानबाजी की है। इनके इस तरह के बयानों से ही कश्मीर के युवा डिग्भ्रमित होते है और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर अपना कैरियर चौपट कर लेते है। कायदे से तो फारूख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए जो लगातार पाकिस्तान के समर्थन में बयानबाजी करते रहे है। ये लोग खाते हिन्दुस्तान का है और गाते पाकिस्तान का है। उन लोगों ने ही कश्मीर में आतंक की आग को हवा देने का काम किया है। अब जबकि उनकी राजनीतिक दुकानदारी बंद होने जा रही है तो फिर वे उकसाने वाले बयान दे रहे है और कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे है। समझ में नहीं आता कि केन्द्र सरकार आखिर इन पाकिस्तान परस्त कश्मीरी नेताओं के खिलाफ आखिर कार्यवाही कब करेगी।

विचार

पेगासस जासूसी : सरकार की किरकिरी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सर्वोच्च न्यायालय ने आज भारत सरकार की खूब खबर ले ली है। पिछले दो साल से चल रहे जासूसी के पेगासस नामक मामले में अदालत ने सरकार के सारे तर्कों, बहानों और टालमटोलों को रद्द कर दिया है। उसने कई व्यक्तियों, संगठनों और प्रमुख पत्रकारों की याचिका स्वीकार करते हुए जासूसी के इस मामले की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। यह जांच अब सर्वोच्च न्यायालय के एक सेवा-निवृत्त न्यायाधीश आर.वी. रविंद्रन की अध्यक्षता में होगी और उसकी रपट वे अगले दो माह में अदालत के सामने पेश करेंगे। जब से यह खबर प्रकट हुई कि मोदी सरकार ने इस्राइल से जासूसी का पेगासस नामक उपकरण खरीदा है और वह भारत के सैकड़ों नेताओं, पत्रकारों, उद्योगपतियों, अफसरों आदि के कंप्यूटरों और फोन पर उस उपकरण से अपनी नज़र रखता है, एक हंगामा-सा खड़ा हो गया। जब यह मामला अदालत में आया तो सरकार हकलाने लगी। वह ऐसी दिखी, जैसे कि चिलमन से लगी बैठी है। न साफ़ छुपती है और न ही सामने आती है। 500 करोड़ रु. के इस कीमती उपकरण का इस्तेमाल सरकार कहती है कि वह आतंकवादियों, तस्करों, ठगों और अपराधियों को पकड़ने के लिए करती है। यदि ऐसा है तो यह स्वाभाविक है। इसमें कोई बुराई नहीं है लेकिन फिर सरकार उन नामों को अदालत से भी क्यों छिपा रही है? सरकार कहती है कि ऐसा वह राष्ट्रहित में कर रही है। लेकिन क्या यह काम लोकतंत्र-विरोधी नहीं है? अपने विरोधियों, यहां तक कि अपनी पार्टी के नेताओं और अपने ही अफसरों के विरुद्ध आप जासूसी कर रहे हैं और आप अदालत से यह तथ्य भी छिपा रहे हैं कि आप उस इस्राइल जासूसी यंत्र-तंत्र का इस्तेमाल कर रहे या नहीं? जैसे किसी ज़माने में औरतें अपने पति का नाम बोलने में हिचकिचाती थीं, वैसे ही पेगासस को लेकर हमारी सरकार की घिग्घी बंधी हुई है। अदालत ने सरकारी रवैए की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उसे कुछ भी उटपटांग काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उसने सरकार के इस सुझाव को भी रद्द कर दिया है कि इस मामले की जांच विशेषज्ञों के एक दल से करवाई जाए। विशेषज्ञों को तो कोई भी सरकार प्रभावित कर सकती है। इसीलिए अब एक न्यायाधीश ही इस मामले की जांच करेंगे। यह मामला सिर्फ नेताओं और पत्रकारों की जासूसी का ही नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक के मानवीय अधिकारों की सुरक्षा का है। सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला न्यायपालिका की इज्जत में तो चार चांद लगा ही रहा है, साथ ही सरकार की मुश्किलें भी बढ़ा रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय अपनी रपट पेश करते हुए पूरी सावधानी बरतेगा ताकि अपराधियों को सतर्क हो जाने का मौका न मिल जाए। इस मामले ने जब तूल पकड़ा, तब मैंने सुझाव दिया था कि सरकार थोड़ी हिम्मत करती तो यह मामला आसानी से सुलझ सकता था। सरकार उन निर्दोष नेताओं, पत्रकारों और अन्य व्यक्तियों से माफी मांग लेती, जो निर्दोष थे और अब ऐसा इंतजाम कर सकती थी कि कोई भी सरकार वैसी गलती न कर सके।

बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का सही फैसला

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

हमारा संघीय ढांचा और संघीय विशेषाधिकार इतने कमजोर नहीं हैं कि अंततः केंद्र 'तानाशाह' बन सके। अलबत्ता देश की सुरक्षा और संप्रभुता को बरकरार और स्थिर रखना हमारा दायित्व है। फिर सरकार में राजनीतिक दल कोई भी हो! तैनाती के अधिकार बीएसएफके बढ़ाए गए हैं, न कि भाजपा अनधिकार चेष्टा कर सकेगी। बीएसएफ12 राज्यों में तैनात है, लेकिन सिर्फदो राज्यों-पंजाब और बंगाल-को ही महसूस हो रहा है कि यह संघीय अतिक्रमण की कोशिश है। यदि उनके पास ठोस दलीलें हैं, तो वे सर्वोच्च अदालत में याचिका लगा सकते हैं। बीएसएफका ऑपरेशन क्षेत्र बढ़ाने से कुछ शुरुआती दिक्कतें झेलनी पड़ सकती हैं, लेकिन बीएसएफको विस्तार दिया गया है, तो केंद्र सरकार और विशेषज्ञों ने कुछ मंथन किया होगा। राज्यों को इस मसले पर राजनीति करने की बजाय सीमा सुरक्षा बल का अधिकार क्षेत्र बढ़ाये जाने के नतीजों का इंतजार करना चाहिये। ये मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, इसलिये इस मामले में राजनीति ठीक नहीं हैं।

पिछले दिनों केंद्र सरकार ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में तलाशी लेने और गिरफ्तारी करने का अधिकार बीएसफको दे दिया है। पहले यह दायरा 15 किमी तक ही सीमित था। अब इसे 15 से बढ़ाकर 50 किलोमीटर किए जाने के बाद पंजाब में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने केंद्र से फौरन फैसला वापस लेने की मांग की, तो पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर ने केंद्र के फैसले को सही करार दिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गृह मंत्रालय के इस फैसले को पंजाब के साथ धोखा करार दिया। चन्नी ने कहा इस फैसले के बाद आधे से ज्यादा पंजाब बीएसएफके बहाने केन्द्र सरकार के कंट्रोल में चला जाएगा।

बीएसएफका अधिकार-क्षेत्र बढ़ाने के बाद अब पूर्वोत्तर राज्यों-मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय-के साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सरीखे संघशासित क्षेत्रों में बीएसएफका ऑपरेशन क्षेत्र पूरे राज्य में होगा। यानी सीमा के भीतर पूरी तरह अंदर जाकर बीएसएफ कार्रवाई कर सकता है, जबकि पंजाब, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल और असम में सीमा से 50 किलोमीटर राज्य के भीतर जाकर बीएसएफ तलाशी और गिरफ्तारी को अंजाम दे सकेगा। उन कार्रवाइयों के लिए अब उसे राज्य पुलिस, प्रशासन और अदालत के साथ समन्वय और अनुमति की बाध्यता नहीं होगी।

विपक्ष की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती है, लिहाजा पंजाब और बंगाल में भाजपा-विरोधी दलों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस निर्णय को संघीय ढांचे के खिलाफकरार दिया है। पंजाब कांग्रेस की आशंका है कि मोदी सरकार इस निर्णय के जरिए राष्ट्रपति शासन थोपना चाहती है। इस निर्णय के पीछे पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की सलाह भी मानी जा रही है। आकलन यह भी सामने आया है कि आधे पंजाब पर पुलिस के बजाय बीएसएफ का नियंत्रण होगा, लिहाजा इस तरह राज्य सरकार के अधिकार क्षीण होंगे। इसे संवैधानिक तौर पर उचित नहीं माना जा रहा है, क्योंकि संविधान में कानून-व्यवस्था को राज्य सरकार के अधीन का मामला तय किया गया है। संविधान केंद्र सरकार को भी ऐसे संशोधन करने और सुरक्षा बल का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने की शक्तियां देता है। अलबत्ता उसे संसद से पारित कराना भी लाजिमी है। मोदी सरकार ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला माना है। पंजाब में हालात बेहद असुरक्षित हैं। वहां ड्रोन से हथियारों की आपूर्ति और नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती रही है। संभव है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को पूरी तरह ब्रीफकिया होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मीडिया के समक्ष कहा कि, पुलिस पूरी तरह से मजबूत है। पंजाब पुलिस अपना काम करेगी लेकिन जहां पर बीएसएफकी मदद की जरूरत पड़ेगी तो बीएसएफ आगे रहेगी। बीएसएफको यह जिम्मेदारी न सिर्फपंजाब में बल्कि अन्य राज्यों में भी दी गई है। पहले राज्य में 6 और अब 31 किलोमीटर तक ड्रोन आ रहे हैं। इसके बाद भी पंजाब सरकार इसे नजरअंदाज कर रही है। राज्य सरकार का यह कदम आलोचना योग्य है। बीएसएफ को लेकर राज्य का प्रशासन और स्वर्ण मंदिर अपने हाथों में लेने के आरोप बेबुनियाद हैं। पाकिस्तान प्रायोजित आंतकी और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों से जुड़ी खबरें लगातार मीडिया में आती रहती हैं। पंजाब में ड्रोन के द्वारा नशीले पदार्थों की खेप गिराने की खबरें लगातार प्रकाश में आ रही हैं। गुरूवार को पंजाब के अमृतसर में अजनाला थाना क्षेत्र के पास भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक ड्रोन देखा गया। सीमा सुरक्षा बल की 73वीं बटालियन ने ड्रोन पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद यह वापस सीमा के पाकिस्तान की ओर चला गया। बीएसएफ और सुरक्षा एजेंसियां इस संदेह के बीच इलाके की तलाशी ले रही हैं कि ड्रोन का इस्तेमाल सीमा के भारतीय हिस्से में एक खेप गिराने के लिए किया गया था। ऐसा ही एक ड्रोन बीते 19 और 20 अक्टूबर की रात अमृतसर सेक्टर में भारत-पाक सीमा पर देखा गया था, जिसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग कर दी थी। बताया जा रहा है कि बीएसएफकर्मियों ने इलाके की तलाशी के बाद एक किलो हेरोइन और उससे जुड़ी लोहे की अंगूठी बरामद की। पहला ड्रोन हमला 27 जून को जम्मू में भारतीय वायु सेना स्टेशन पर हुआ था। सीमा पार से आए दो ड्रोनों ने बम गिराए, जिससे दो वायुसैनिक घायल हो गए और एक इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था।

हाल के महीनों में ड्रोन देखे जाने के बाद, इन महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को ड्रोन विरोधी सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए श्रीनगर और जम्मू में एयर फोर्स स्टेशनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को तैनात किया गया है। दरअसल, पंजाब में लगातार पाकिस्तान की तरफसे आए ड्रोन दिख रहे हैं। ये ड्रोन पंजाब में हथियार गिरा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कई बार पंजाब में ड्रोन से गिराए गए हथियारों की बड़ी खेप बरामद की गई है। सुरक्षा विशेषज्ञों को आशंका है कि पंजाब में गिराई गई हथियारों की ये खेप कश्मीर में सप्लाई होनी थी। इसी साल 3 अक्टूबर को जम्मू के सौजन गांव में ड्रोन से हथियार गिराए गए थे। सौजन में एके-47, 3 मैगजीन, 30 गोलियां और नाइट विजन डिवाइस गिराए गए थे। 9 अगस्त को अमृतसर में पाकिस्तान से आए ड्रोन ने हथियार गिराए थे।

हाल के महीनों में ड्रोन देखे जाने के बाद, इन महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को ड्रोन विरोधी सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए श्रीनगर और जम्मू में एयर फोर्स स्टेशनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को तैनात किया गया है। दरअसल, पंजाब में लगातार पाकिस्तान की तरफसे आए ड्रोन दिख रहे हैं। ये ड्रोन पंजाब में हथियार गिरा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कई बार पंजाब में ड्रोन से गिराए गए हथियारों की बड़ी खेप बरामद की गई है। सुरक्षा विशेषज्ञों को आशंका है कि पंजाब में गिराई गई हथियारों की ये खेप कश्मीर में सप्लाई होनी थी। इसी साल 3 अक्टूबर को जम्मू के सौजन गांव में ड्रोन से हथियार गिराए गए थे। सौजन में एके-47, 3 मैगजीन, 30 गोलियां और नाइट विजन डिवाइस गिराए गए थे। 9 अगस्त को अमृतसर में पाकिस्तान से आए ड्रोन ने हथियार गिराए थे। पंजाब के अमृतसर में हैंड ग्रेनेड, टिफिन बम, आईईडी और कारतूस गिराए गए थे। बीते 12 जून को अमृतसर के सुंदरगढ़ में पाकिस्तानी ड्रोन दिखा था। 25 सितंबर को तरनतारन में 7 से आठ बार पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। तरनतारन में ड्रोन से रायफल, पिस्तौल, हैंड ग्रेनेड और सैटलाइट फोन गिराए गए।

सरहदी इलाकों में आतंकी घुसपैठ और हमलों की संभावना भी बनी रहती है। कश्मीर में तो अपराधी, तस्कर और आतंकी सीमा पार कर आम जनता में घुल-मिल जाते हैं, लिहाजा उनकी पहचान और धरपकड़ पेचीदा हो जाती है। चूंकि बीएसएफराज्यों में 15 किलोमीटर भीतर तक ही छानबीन, तलाशी और जांच आदि की कार्रवाई कर सकता था, लिहाजा अब उसे विस्तार देकर 50 किलोमीटर तक किया गया है। गुजरात में 80 किलोमीटर से घटाकर 50 किलोमीटर तक ऑपरेशन-क्षेत्र तय किया गया है। बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल में भी तस्करी बढ़ती जा रही है और आतंकी भी घुसपैठ कर रहे हैं। नए संदर्भों में बंगाल आतंकवाद का नया अड्डा बनता जा रहा है। बीते दिनों अलकायदा के आतंकी बंगाल के कुछ सरहदी इलाकों से पकड़े गए थे। इससे महत्त्वपूर्ण और ठोस साक्ष्य और क्या हो सकता है?

मेरी दीवाली देशी दीवाली

प्रवीण गुगनानी

लगभग बीस लाख लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार और सामाजिक सम्मान देनें वाला शिवाकाशी का पटाखा उद्योग केवल धन अर्जित नहीं करता-कराता है बल्कि इसनें दक्षिण भारतीयों के करोड़ों लोगों को एक सांस्कृतिक सूत्र में भी बाँध रखा है. परस्पर सामंजस्य और सहयोग से चलनें वाला यह उद्योग सहकारिता की नई परिभाषा गढ़नें की ओर अग्रसर होकर वैसी ही कहानी को जन्म देनें वाला था जैसी कहानी मुंबई के भोजन डिब्बे वालों ने लिख डाली है; किन्तु इसके पूर्व ही चीनी ड्रेगन इस समूचे उद्योग को लीलता और समाप्त करता नजर आ रहा है. यदि घटिया और नुकसानदेह सामग्री से बनें इन चीनी पटाखों का भारतीय बाजारों में प्रवेश नहीं रुका तो शिवाकाशी पटाखा उद्योग इतिहास का अध्याय मात्र बन कर रह जाएगा।

नरेंद्र मोदी प्रथम राष्ट्राध्यक्ष होंगे जिनके भाषणों में बहुत छोटे छोटे से विषय स्थान पाते हैं. भारतीय परम्पराओं और शास्त्रों में केवल लाभ अर्जन करनें को ही लक्ष्य नहीं माना गया बल्कि वह लाभ शुभता के मार्ग से चल कर आया हो तो ही स्वीकार्य माना गया है। शुभ-लाभ से यही आशय है. विभिन्न अवसरों पर जिस प्रकार हम हमारे राष्ट्रीय प्रतिद्वंदी चीन के सामानों का उपयोग कर रहें हैं उससे तो कतई और कदापि शुभ-लाभ नहीं होनें वाला है.

एक सार्वभौम राष्ट्र के रूप में हम, हमारी समझ, हमारी अर्थ व्यवस्था और हमारी तंत्र-यंत्र अभी शिशु अवस्था में ही है. इस शिशु मानस पर इस्लाम और अंग्रेजों की लूट खसोट की अनगिनत कहानियां हमारे मानस पर अंकित है. यद्दपि हम और हमारा राष्ट्र आज उतने भोले नहीं है जितने पिछली सदियों में थे तथापि विदेशी सामान को क्रय करने के विषय में हमारे देशी आग्रह कमजोर क्यों पड़ते हैं इस बात का अध्ययन और मनन हमें आज के इस ÷बाजार सर्वोपरि÷ के युग में करना ही चाहिए!!

हम भारतीय उपभोक्ता जब इस दीपावली की खरीदी के लिए बाजार जायेंगे तो इस चिंतन के साथ स्थिति पर गंभीरता पर गौर करें कि आपकी दिवाली की ठेठ पुरानें समय से चली आ रही और आज के दौर में नई जन्मी दीपावली की आवश्यकताओं को चीनी ओद्योगिक तंत्र ने किस प्रकार से समझ बूझ कर आपकी हर जरुरत पर कब्जा जमा लिया है. दिये, झालर, पटाखे, खिलौने, मोमबत्तियां, लाइटिंग, लक्ष्मी जी की मूर्तियां आदि से लेकर कपड़ों तक सभी कुछ चीन हमारे बाजारों में उतार चुका है और हम इन्हें खरीद-खरीद कर शनैः शनैः एक नई आर्थिक गुलामी की और बढ़ रहे हैं. हमारा ठेठ पारम्परिक स्वरुप और पौराणिक मान्यताएं कहीं पीछें छूटती जा रहीं हैं और हम केवल आर्थिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक गुलामी को भी गले लगा रहे हैं. हमारे पटाखों का स्वरुप और आकार बदलनें से हमारी मानसिकता भी बदल

रही है. हमारा लघु उद्योग तंत्र अति दुष्प्रभावित हो रहा है. पारिवारिक आधार पर चलने वाले कुटीर उद्योग जो दीवाली के महीनों पूर्व से पटाखें, झालर, दिए, मूर्ति आदि-आदि बनाने लगते थे वे नष्ट होने के कगार पर हैं. लगभग पांच लाख परिवारो की रोजी रोटी को आधार देने वाले हमारे त्यौहार अब कुछ आयातको और बड़े व्यापारियों के मुनाफ़ा तंत्र का एक केंद्रमात्र बन गए हैं. बाजार के नियम और सूत्र इन आयातको और निवेशकों के हाथों में केन्द्रित हो जानें से सड़क किनारें पटरी पर दुकाने लगाने वाला वर्ग निस्सहाय होकर नष्ट-भ्रष्ट हो जाने को मजबूर है. उद्योगों से जुड़ी संस्थाएं जैसे-भारतीय उद्योग परिसंघ और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने चीनी सामान के आयात पर चिंतित है. आश्चर्य जनक रूप से चीन में महंगा बिकने वाला सामान जब भारत आकर सस्ता बिकता है तो इसके पीछे सामान्य बुद्धि को भी किसी षड्यंत्र का आभास भी होता है. सस्ते चीनी माल के भारतीय बाजार पर आक्रमण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए एक अध्ययन में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने कहा है, ÷चीनी माल न केवल घटिया है, अपितु चीन सरकार ने कई प्रकार की सब्सिडी देकर इसे सस्ता बना दिया है, जिसे नेपाल के रास्ते भारत में भेजा जा रहा है, यह अध्ययन प्रस्तुत करते हुए फिक्की के अध्यक्ष श्री जी.पी. गोयनका ने कहा था, ÷चीन द्वारा अपना सस्ता और घटिया माल भारतीय बाजार में झोंक देने से भारतीय उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है. भारत और नेपाल व्यापार समझौते का चीन अनुचित लाभ उठा रहा है. पटाखों के नाम पर विस्फोटक सामग्रियों के आयात का खतरा भारत पर अब बड़ा और गंभीर हो गया है. चीन द्वारा नेपाल के रास्ते और भारत के विभिन्न बंदरगाहों से भारत में घड़ियां, कैलकुलेटर,वाकमैन, सीडी, कैसेट, सीडी प्लेयर, ट्रांजिस्टर, टेपरिकार्डर, टेलीफोन, इमरजेंसी लाइट, स्टीरियो, बैटरी सेल, खिलौने, साइकिलें, ताले, छाते, स्टेशनरी, गुब्बारे, टायर, कृत्रिम रेशे, रसायन, खाद्य तेल आदि धड़ल्ले से बेचें जा रहें हैं. पटाखे और आतिशबाजी जैसी प्रतिबंधित वस्तुएं भी विदेशों से आयात होकर आ रही हैं, यह आश्चर्य किन्तु पीड़ा का विषय है. कुछ वर्ष पूर्व तिरुपति से लेकर रामेश्वरम तक की सड़क मार्ग की यात्रा में साशय मैनें भारतीय पटाखा उद्योग की राजधानी शिवाकाशी में पड़ाव

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गर्दिश मे बसर कर

गर्दिश मे बसर कर ली ज़िन्दगी उन चमकते सितारों की जरूरत नहीं है, खुद ही गिरते और खुद ही संभलते हैं अब किसी के सहारों की जरूरत नहीं है, नदी हो दरिया हो या हो भंवर भी, छू भी न पाये ऊँची लहरों की हलचल समंदर भी न डुबो पाया मेरी कश्ती को मुझे किसी किनारे की जरूरत नहीं है।

– श्रीकांत गुप्ता

मुस्कान एक

मुस्कान एक व्यवस्था है, सौंदर्य को सुव्यवस्थित करने की!मुस्कान के लिए जरूरी है सम्वेदनशीलता और सम्वेदनशीलता आंतरिक क्रांति ही तो है उन विचारों के विरुध्द जो मुस्कान को दबाए रहते! अपने अंतस की गर्द झाड़ते हुए दबाव रहित शांत और स्थिर होने की प्रक्रिया में अच्छी खासी मेहनत करनी चाहिए आपको, हमको, हाँ मुझे अभ्यास है! सुबह मुस्कान लिए ही आती है, मैं तो सहेजना चाहूँगी! **– मेनका त्रिपाठी**

ख़ास पाती | अकेले में अस्तित्व की खोज

अकेले में अस्तित्व की खोज बेहतर होती है या अकेले में ही होती है दो मनुष्यों का साथ जीना साथ बढ़ना और बदलना एक समान तराजु से तौलकर बराबर बराबर होता तो आदर्श ही होता। लेकिन खांचे रह जाते है। बल्कि खाइयां अक्सर तो एक होम हो जाता है या अपने निजी अस्तित्व को दूसरे के होने में घुला देता है। और मानता है कि मिला दिया अब इसके फलने में ही मेरा खिलना है मानव संस्कृति की ये भोली भाली दिखने वाली बाते दरसल झूठी है। एक सामाजिक राजनीति का हिस्सा है और प्रेम मानवता त्याग नैतिकता समर्पण के समुद्र में इन्हें पहचानने के लिए बेहद बारीक निगाह की जरूरत है।**– हेमा पाण्डेय**

वह राज्य सरकार है या आवारागर्दी



वह राज्य सरकार है या आवारागर्दी करने वालों का समुह जो एक पत्रकार को गिरफ्तार कर अपनी गिरी हुई मानसिकता का परिचय दे चुका है क्योंकि उसने सरकार से चुभते हुए सवाल किए थे। एक कलाकार का घर तोड़ा क्योंकि उसने सरकार की गलत नीतियों पर प्रहार किया था। जिसका एक मंत्री फरार है और दूसरा अपराध की जांच को प्रभावित करने का हर हथकंडा अपना रहा है। क्या यह फ़सिस्टों का जमावड़ा नहीं है ? जो सत्ता की हनक में सही और गलत सभी कुछ भूल कर अंधों की तरह चल रहे है। **–नवीन शंकर शर्मा**

कहानी वही है बस किरदार

कहानी वही है बस किरदार बदल रहे हैं. लोग तो वही है बस व्यवहार बदल रहे हैं.. समय पर काम जिनके आया वो लोग बिछड़ रहे हैं.. मेरी वजह से काम हुआ पूरा जिनका ऐसे लोग भी अपने वादों से मुकर रहे हैं। **–अश्क शायर**

बेनूर सी ये जिंदगी अब मुझे

बेनूर सी ये जिंदगी,अब मुझे भाती नही है, किसी को जहां में हमारी याद आती नही है। गुम हैं सभी अपनी अपनी खामोश दुनिया मे, मेरी फिक्र अब किसी को सताती नही है। **– आकांक्षा द्विवेदी**

निराशा के प्रबल तम में आदित्य

निराशा के प्रबल तम में आदित्य किरणे बिखेर आएं समेट रजनी का दुपट्टा लालिमा मंगल से भर लाएं मोहब्बत भरे हाथों को हाथों में थाम मुस्कुराते हुए जीवन लहरियों में आस भरे नेह के दीप तैरा आएं। **– ज्योत्सना सक्सेना**

तोहफे में नजर तुझे मैं नज़र कर

तोहफे में नजर तुझे मैं नज़र कर दूँ, तू छू ले तो खुद को बेखबर कर दूँ। लुटा दूँ ये दौलत शोहरत सब तुझपे, तू हाँ कह तो खुद को दर बदर कर दूँ। बस बस जा तू जिगर में मेरे एकबार, कर कैद तुझे मैं बंद ये पिंजर कर दूँ। तू देख तो सही एकबार नगर मेरा, जो पसंद ना आए, इसे बंजर कर दूँ। चाहत बस इतनी सी ही है मेरी तुझसे, जो तू चूम ले तो मैं खुद को अमर कर दूँ।

– बिट्टू पुरोहित

प्रेम किसी बाधाओं को नही मानता

प्रेम किसी बाधाओं को नही मानता तो चलो आज मिलते हैंचाँदनी रात में कुछ गुफ़्तगू तुम कर लेना कुछ गुफ़्तगू हम कर लेंगें चलो आज खुद कोतुम्हारे हवाले करती हूँ मेरे माथे से दुपट्टे को हटा के चूम लेना तुम मेरा माथा मैं अपनी सांसेतुम्हारी सांसो पर रख दूँगी घर से बाहर ही सही सुबह होने तक एक दूसरे के आग़ोश में थोड़ा तुम जी लेना थोड़ा हम जी लेंगें आखिरकार वर्षों से तड़पते जिस्म को बंद कमरों में कब तक रखेंगें यार तो चलो आज मिलते हैं। **– बेबो बेबी सिंह**

QUIZ TIME

1) किसके द्वारा भक्ति आंदोलन को दक्षिण भारत से उत्तर भारत में लाया गया था?
2) किस महाद्वीप से विषुवत्त , कर्क तथा मकर रेखा होकर गुजरती है?
3) मूल संविधान में अनुसूचियों की संख्या कितनी है? (8 / 9 / 10)
4) मनुष्य में लगभग कितने प्रकार के अवशेषी अंग पाए जाते है?
5) जब भारतीय न्यायिक पद्वति में लोकहित का मुकदमा लाया गया था, उस समय सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रामानन्द (2) अफ्रीका (3) 8 (4) 100 (5) पी एन भगवती

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1709 - इंगलैंड तथा नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए। 1794 - फ्रांसीसी सेना ने दक्षिण पूर्वी नीदरलैंड के वेनलो पर कब्जा किया। 1851- बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना। 1859 - स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1864 - यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया। 1913 - मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में बाढ से हजारों लोग मारे गये। 1920- पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के प्रयासों से जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना। 1924 - ब्रिटेन में लेबर पार्टी को संसदीय चुनाव में हार। 1942 - नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की। 1947 - बेल्जियम, लक्जमबर्ग तथा नीदरलैंड ने बेनेलक्स संघ बनाया। 1958 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1985 - मुक्केबाजी में भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाने वाले विजेंद्र सिंह का जन्म। 1990 - अफ्रीकी देश अल्जीरिया में भूकंप से 30 लोग मारे गये। 1994 - न्यूयार्क में अमेरिकी भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय का शुभारंभ। 2005 - राजधानी दिल्ली में बम धमाके में 60 से अधिक लोगों की मौत। 2012 - अमेरिका में सैंडी तूफान से 286 लोगों की मौत। 2015 - चीन ने एक बच्चे की नीति को खत्म करने की घोषणा की।

ये तो गजब हो गया कलेक्टर साब! श्रम इंस्पेक्टर बन गया खेल विशेषज्ञ

स्पोर्ट्र्स अकाडमी के इंटरव्यू को प्रशासन ने बना दिया मजाक

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। स्पोर्ट्स अकाडमी बीजापुर में प्रशिक्षक भर्ती को लेकर हुए गड़बड़ी और सहायक प्रशिक्षकों को अकादमी से चार साल बाद काम से निकाले जाने से जुड़ी खबर के प्रकाशन के बाद अब इस पूरे मामले में रोज नए-नए खुलासे होने लगे हैं। सहायक प्रशिक्षकों द्वारा श्रम निरीक्षक और अकाडमी में मेहमान प्रशिक्षक सोपान कर्णेवार पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद अब भ्रष्टाचार और लिपिक के साथ प्रताड़ना के मामले को लेकर अखबार की सुर्खियां बने श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार पर जिला प्रशासन की मेहरबानी का एक और नमूना देखने को मिला। 20 अक्टूबर को स्पोर्ट्स अकाडमी में अंशकालिक क्रीड़ा प्रशिक्षक के नियुक्ति के लिए आयोजित साक्षात्कार में श्रम निरीक्षक को बतौर खेल विशेषज्ञ साक्षात्कार में बिठाया गया था, जबकि काम से निकाले गए सहायक प्रशिक्षकों के आरोपों की मानें तो श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार को साफ्टबॉल के अलावा किसी भी अन्य खेलों का कोई भी ज्ञान नहीं हैं। जबकि अंशकालिक क्रीड़ा प्रशिक्षकों के लिए जुडो, कराते, तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, व्हालीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, तैराकी एवं कयाकिंग कनाइंग जैसे कुल 10 खेलों का साक्षात्कार लिया जाना था, जिसमें साफ्टबॉल को शामिल ही नहीं किया गया, बावजूद जिला प्रशासन और अधिकारियों की इस श्रम निरीक्षक पर मेहरबानी ऐसी बरसी कि उसे बतौर खेल विशेषज्ञ साक्षात्कार में बिठाया गया।

इन अधिकारियों को कोई मतलब नहीं

काम से निकाले गए सहायक प्रशिक्षकों की आरोपों की मानें तो श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार खेल अकादमी में जमे रहने के लिए कुटरचना को अंजाम देते हुए उसने अधिकारियों से सांठगांठ कर साफ्टबॉल खेल के लिए रिक्त मुख्य प्रशिक्षक के लिए किसी भी खिलाड़ी को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया। श्रम निरीक्षक को बतौर खेल विशेषज्ञ साक्षात्कार में बिठाकर वास्तविक खेल विशेषज्ञों के अपमान में कोई कसर नहीं छोड़ी। दस्तावेजों की मानें तो 20 अक्टूबर को आयोजित साक्षात्कार में जिपं सीईओ बतौर अध्यक्ष और सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग तथा जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग बतौर सदस्य आमन्त्रित किये गए थे, परंतु इनमें से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं और सहायक आयुक्त साक्षत्कार में पहुंचे ही नहीं। परिणामस्वरूप स्वयं को उत्कृष्ट खिलाड़ी बताने वाले सोपान कर्णेवार अपने पूर्व निर्धारित षडयंत्र को अंजाम देने में कामयाब रहे।

एकेडमी में 10 खेलों का संचालन

जिले के खिलाड़ियों को जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच देकर उनकी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए चार साल पहले तात्कालिन कलेक्टर डॉ. अय्याज तंबोली की खेल के प्रति दृणनिश्चयता के चलते स्थापित किए गए खेल अकाडमी में दस खेलों का संचालन किया जाता है। चार साल पहले शुरू किए गए अकाडमी में प्रारंभिक दिनों में साफ्टबॉल को भी शामिल किया गया था, जो 20 अक्टूबर को अंशकालिक क्रीड़ा प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए आयोजित साक्षात्कार तक संचालित था, परंतु जिन दस खेलों के लिए वर्ष 2021 में साक्षात्कार लिया गया उसमें साफ्टबॉल को क्यों शामिल नहीं किया गया, जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि या तो खेल अकाडमी से साफ्टबॉल जैसे खेल को खत्म कर दिया।

इस मामले में भी सवालों के घेरे में प्रशासन

स्पोर्ट्स अकादमी बीजापुर में प्रभारी खेल अधिकारी बनने राजनैतिक पहुंच का फायदा उठाकर अफसरों पर दबाव बनाने और एकेडमी में प्रभारी रहने के दौरान खिलाड़ी और सहायक प्रशिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करने के अलावा एकेडमी के ही लिपिक को प्रताड़ित करने के मामले को लेकर सुर्खियों में रहने वाले श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार इन दिनों एकेडमी ही नहीं बल्कि अपने ही श्रम विभाग में भी 13 लाख 32 हजार के गबन के मामले को लेकर भी सुर्खियां बटोर रहे। बावजूद शासन-प्रशासन और सत्तासीन चुने हुए नेता इस श्रम निरीक्षक पर कार्रवाई करने के बजाए लगातार उसे संरक्षण देने में लगे हुए हैं।

ऐसे में कैसे गढ़ेंगे नवा छग! स्थानीय भर्ती में बाहरी फर्जी निवास बनाकर हथिया रहे नौकरी

स्थानीय युवाओं ने कलेक्टर से की शिकायत, जांच कर कार्रवाई की मांग

बीजापुर/नवप्रदेश। स्थानीय भर्तियों में बाहरी राज्य के अभ्यर्थियों पर फ र्जी निवास बनाकर शासकीय भर्तियों में शामिल होने का आरोप लगा है। स्थानीय युवाओं ने इसकी शिकायत कलेक्टर से करते हुए करते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। फूलचंद गागड़ा व गोलू नाग के नेतृत्व में सैकड़ों बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर के पास पहुंच स्थानीय भर्तियों में हो रही फर्जी निवास मामले को लेकर अवगत करवाया एवं विभागों की विभिन्न स्थानीय भर्तियों में प्रशासन की ओर से विशेष समिति बनाकर निवास प्रमाण पत्र की जांच करने की बात कही है। युवाओं की ओर से कहा गया है कि जिले में होने वाली स्थानीय भर्तियों में बाहरी राज्य व जिले के लोग फर्जी तरीके से निवास बनाकर काम मे लग जाते हैं जहां स्थानीय युवा रोजगार से वंचित हो जाते हैं।

कलेक्टर से मांग रखी कि जिले में किसी भी प्रकार की शासकीय भर्तियां होती है। इसमें भर्ती से पूर्व प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाये। इस पर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने किसी भी प्रकार की भर्तियों में प्रशिक्षण व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से किये जाने की बात कही। साथ ही निवास प्रमाण पत्र जांच में पारदर्शिता लाये जाने की विषय पर संबंधित भर्ती विभागों से चर्चा कर ठीक करने की बात कही। कलेक्टर ने युवाओं के साथ लंबी चर्चा की और अन्य विषयों को भी जाना।

हर 15 दिनों में लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा करेंगे कलेक्टर

- नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर भीम सिंह ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा जैसे प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों के निर्देशित किया कि विशेष रूप् से हितग्राहियों से नजूल पट्टों के नवीनीकरण करवाया जाए। जो नवीनीकरण नही करवा रहे है, उन पर कार्यवाही करें।

बैठक में किसान न्याय योजना अन्तर्गत जिले में किए गए गिरदावरी कार्यो की समीक्षा की। अधिकारियों को धान के बदले लगाए गए फ सलों की एंट्री पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को फ सल के बदले अन्य फसल लगाने वाले किसानों की गांव स्तर पर कितने हेक्टेयर में फ सल ली गई है, इसकी जांच करने के निर्देश दिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर संबंधित के ऊपर कार्यवाही की जाएगी। इस काम में कृषि अधिकारियों को समन्वय कर कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन जैसे प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने इनसे संबंधित लंबित प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी ली। लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण किया जाना सभी राजस्व अधिकारियों का प्राथमिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ई-नामांतरण से संबंधित प्रकरणों का भी समय से निपटारा होना चाहिए एवं कोई भी प्रकरण एक वर्ष से अधिक लंबित न हो यह ध्यान रखा जाए। खाता विभाजन प्रकरण के संबंध में बंटवारा से संबंधित कितने प्रकरण वर्तमान में दर्ज एवं लंबित है, एसडीएम इसकी समीक्षा करते रहे। जिससे प्रकरण जल्द निराकृत होंगे।

हर 15 दिनों में होगी बैठक

कलेक्टर ने कहा कि जिले में लॉ एण्ड आर्डर बनाए रखने के लिए हर 15 दिनों में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने नवीन तहसील बनने के संबंध में सारंगढ़ एसडीएम से प्रक्रिया एवं दावा-आपत्ति के विषय पर जानकारी ली। बैठक में वन अधिकार पत्र वितरण पर भी चर्चा की। उन्होंने अन्य परम्परागत वन निवासी के अन्तर्गत आने वाले हितग्राही जिन्हे पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है, उनसे आवेदन लेने के लिए शेड्यूल बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने किसान किताब वितरण एवं जारी पट्टा वितरण की पूर्णता के संबंध में जानकारी ली।

वित्तीय उपलब्धि की समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में नजूल भूमि व्यवस्थापन अंतर्गत वित्तीय उपलब्धि की समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व आधिकारी नजूल पट्टों का भूमि स्वामी हक में परिवर्तन करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। राजीव गांधी आश्रय योजना की समीक्षा करते हुए लाभान्वितों से निर्धारित राशि जमा करवाने कहा। ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी ली। इसके साथ ही आरबीसी 6-4 के अंतर्गत जनहानि, फ सल क्षति व मकान क्षति के मुआवजा का वितरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल हस्ताक्षर सत्यापन की स्थिति की जानकारी ली एवं कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

सरपंच ने हड़प ली, मछली पालन की लीज राशि, शिकायत एसडीएम से

अकलतरा/नवप्रदेश। सरपंच द्वारा मछली पालन की लीज राशि हड़पने का मामला सामने आया है। वहीं सरपंच पर गोबर खरीदी की राशि में भी गड़बड़ी करने का आरोप है। इसकी शिकायत एसडीएम से करते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। मामला जनपद पंचायत अकलतरा का है। जानकारी के मुताबिक, कोटगढ़ ग्रापं के सरपंच हरप्रसाद धीवर द्वारा तालाबों में मछली पालन की लीज राशि पंचायत के खाते में जमा नहीं की गई है। एसडीएम से शिकायत करते हुए बताया गया है कि मछली पालन करने के लिए जिन तालाबों को ठेके पर दिया गया है। उन तालाबों को ठेके पर दिये जाने से पूर्व मछली पालन करने वाले हितग्राहियों और ग्राम पंचायत का अनुबंध करना शासन के नियमानुसार आवश्यक होता है परंतु सरपंच के द्वारा उन तालाबो को बिना अनुबंध कराये तथा बिना लीज राशि जमा किये ही ठेके पर दे दिया गया है। वहीं सरपंच पर यह भी आरोप है कि गोठान मे गोबर खरीदी तीन चार माह से बंद है जिससे गोबर बेचकर लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह भी विदित हो कि गोधन न्याय योजना छ.ग. शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना मे से एक है जिसके लिए जिला कलेक्टर जीतेंद्र शुक्ला ने बार - बार निर्देश दिये है बावजूद इसके सरपंच द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

स्वीफ्ट कार में गांजे की तस्करी, पुलिस की नाकेबंदी देख तस्कर कार छोड़ फरार

रायगढ़/नवप्रदेश। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में गांजे के अवैध परिवहन एवं विक्रय पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले एक सप्ताह में करीब 4 क्विंटल गांजा की जब्ती कर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। इसी क्रम में 27 अक्टूबर को मुखबिर से गांजा की तस्करी की मिली पुख्ता सूचना पर नाकेबंदी कर रेड कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान पुलिस की कड़ी चौकसी देखकर स्वीफ्ट कार में गांजे की तस्करी कर रहे आरोपी गांजा समेत कार को छोड़कर भाग गया। कार से 70 किलो गांजा की बरामदगी हुई है। फरार आरोपी पर लैलूंगा पुलिस एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर पतासाजी की कर रही है। पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर को लैलूंगा टीआई रूपेन्द्र साय को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मुकडेगा-सोनाजोरी की ओर से मारूती कार छ्त्र04 ॥ड्क1871 में अवैध रूप से गांजा लाया जा रहा है। इस पर थाना प्रभारी स्टॉफ के साथ रेड कार्यवाही करने कोतबा-लैलूंगा मार्ग की ओर रवाना हुए। रास्ते में लगे मांझीआमा बस्ती मार्ग पर मुखबिर द्वारा बताया गया मारूती स्वीप्ट कार आता दिखा। जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी भाग निकले। पुलिस ने तस्करों का पीछा किया पुलिस को देखकर भाग रहे तस्करों की कार पंचर हो जाने पर कार को लवारिश हालत में छोडकर आरोपी भाग निकले। कार की तलाशी लेने पर कार में 70 नग पैकेटो में 70 किलो गांजा कीमती 4 लाख 90 हजार रुपए बरामद हुआ।

एक्सपायरी सामान बेच रहा था शहर का नामचीन होटल रुबारु सृष्टि

खाद्य औषधि प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 5 होटलों से लिया सैंपल

कांकेर/नवप्रदेश। दीपावाली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए तथा आमजनों के स्वास्थ्य के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शहर के होटलों व मिठाई दुकानों में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर जांच नमूने लिया जा रहा। इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर पहुंचकर पांच होटलों की जांच कर मिठाई का सैंपल लिया गया। जिन होटलों में जांच की गई इनमें आजाद होटल, दुर्गा होटल, गुलशन होटल, जैन नमकीन, गोपाला डेयरी एवं स्वीट्स में मिठाइयों की जांच की गई। गोपाला डेयरी एवं स्वीट्स से बर्फी, जैन नमकीन से चमचम, गुलशन होटल से गुलाब जामुन का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। वहीं कांकेर के होटलों एवं बेकरी के अलावा डेयरी का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान रूबारू जायका एवं स्वीट्स में भारी मात्रा में एक्सपायरी सामान मिले। जिनमें अमूल मठ्ठा 150 नग, लिम्का कोल्डड्रिंक 25 नग, माउंटेन डीयू कोल्डड्रिंक 4 नग एक्सपायरी पायी गई। जिसे मौके पर जब्त करते हुए नष्ट किया गया। वहीं श्रुति इंटरप्राइजेस कांकेर से अमूल घी 6 लीटर, अमूल मठ्ठा 30 नग, अमूल प्रीमियम रस्क टोस्ट 100 पैकेट, ब्रिटानिया प्योर मैजिक चोकोलिश 5 जार, सागर स्किम्ड मिल्क 1 पुड़ा एक्सपायरी मिला, इसे भी मौके पर नष्ट कराया गया। इसके अलावा लक्ष्मी रेस्टारेंट नया बस स्टैंड से चमचम का नमूना जांच के लिए लिया गया एवं नास्ते के लिए अखबारी पेपर का उपयोग नहीं करने अंतिम चेतावनी दी गई है। वहीं खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा शकील मिल्क चिलिंग राजापारा से 10 किलो पुराने खोवा को मौके पर नष्ट कराया गया एवं दूध का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

विभाग की अपील, जांचें परखें फिर खरीदे

जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के विमल सिंह ने आमजनों से अपील करते कहा है कि सभी एक्सपायरी दिनांक और सामानों को गुणवत्ता देख कर ही खाद्य सामग्री खरीदे। बिना निर्माण तिथि अंकित किए गए मिठाई दुकानों से मिठाई नहीं खरीदे। अपने और अपने परिवार के सेहत का ध्यान रखे। वहीं उन्होंने कार्यवाही आगे भी जारी रहने की बात कही।

पानी बचाने का काम शुरू, तीन गांवों के किसानों को मिलने लगा सीधा लाभ

पिपरिया एनीकेट के 14000 वर्ग मीटर में डिसिल्टिंग का कार्य कर ग्रामीणों को मिल रहा खेतों एवं निस्तारी के लिए पानी

कवर्धा/नवप्रदेश। किसानों को खेत-किसानी के काम के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता हो, गांव के निस्तारी के समस्या का समाधान और साथ ही भूजल स्तर में बढ़ाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार अलग अलग काम कर रही है। कबीरधाम जिले में ग्रामीण किसानों के मांग पर जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से जल संवर्धन व जल संरक्षण की दिशा में बरसात की पानी को सहेज कर उस पानी का समुचित उपयोग करने की दृष्टि से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के साथ जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) फंड का विभागीय मद से अभिसरण से पिपरिया एनीकेट डिसिल्टिंग, गेट रिपेयर और मरम्मत कार्य को जल

संसाधन विभाग के साथ मिलकर कराया जा रहा है। कार्य प्राम्भ होते ही इसके बेहतर परिणाम स्थानीय ग्रामीणों को मिलने लगा हैं। तीन विभागों को मिलाकर 27 लाख 88 हजार रुपए की लागत से हो रहे इस कार्य में मनरेगा योजना से 8 लाख रुपए मजदूरी पर और 5 लाख 29 हजार रुपए सामग्री पर व्यय निर्धारित था और शेष राशि 13 लाख 13 हजार रुपये डीएमएफमद से और 1 लाख 46 हजार रुपए जल संसाधन विभाग के विभागीय मद से स्वीकृति दी गई है। इस कार्य में ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है। चालू वित्त वर्ष 2021-22 में 25 जून से हो रहे इस कार्य में 4145 मानव दिवस रोजगार का सृजन होना प्रस्तावित है।

स्थानीय ग्रामीण हो रहे है लाभान्वित

जल संसाधन संभाग विभाग के कार्यपालन अभियंता दिनेश भगोरिया ने बताया कि सकरी नदी पर बांध कम रोड बनी हुई है जो कि ग्राम झिरना, ग्राम पंचायत चारडोंगरी विकासखंड कवर्धा में स्थित है। एनीकेट एवं उसके आसपास पानी के बहाव क्षेत्र में बड़ी मात्रा पर गाद (सिल्ट) जमा हो जाने के कारण पानी का बहाव आगे नहीं बढ़ पाता था तथा जल संवर्धन की दिशा में बरसात का पानी यूं ही जाया हो जाता था। स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर महात्मा गांधी नरेगा योजना और डीएमएफ फंड व जल संसाधन विभाग के मद को मिलाकर पिपरिया एटीकेटी डिसिल्टिंग, गेट रिपेयर एवं मरम्मत कार्य कराया गया।

स्थानीय लोगों को मिल रहा रोजगार

जिपं सीईओ विजय दयाराम के ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जल संसाधन विभाग कवर्धा वा डीएमएफ के अभिसरण से यह कार्य नरवा उन्नयन की दिशा में एक और कदम है। मनरेगा योजना से 13 लाख 29 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है तथा शेष कार्य हेतु राशि डीएमएफ एवं विभागीय मद के माध्यम से योजनाओं का अभिसरण करते कार्य हो रहा है। कार्य से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है साथ ही उनके खेतों के लिए पानी की व्यवस्था सहज रूप से उपलब्ध हों रहा है जो सीधे तौर पर धान, गन्ना एवं अन्य फसलों के काम में आ रहा है।

अंडरब्रिज के दोनों तरफ की सड़कें जल्द बनेगी, 25 लाख रुपए स्वीकृत

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास व अनुशंसा से भाटापारा शहर के रेल्वे अंडर ब्रिज के दोनों साइड सीमेंट कांक्रीट मार्ग लंबाई 300 मीटर निर्माण कार्य के लिए 25 लाख 69 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

विधायक की प्रयास व अनुशंसा से कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा अंडर ब्रिज के दोनों साइड में मार्ग निर्माण का पत्र 10/2021 को जारी कर स्वीकृति दी है और शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ करने हेतु लोक निर्माण विभाग को आदेशित किया है। विधायक शर्मा ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण से आसपास के रहवासियों को आने जाने में आसानी होगी एवं आवागमन भी सुगम बनेगा। इस से पूर्व के वर्षों में भी विधायक शिवरतन शर्मा की सक्रियता के कारण भाटापारा विधानसभा क्षेत्र व भाटापारा नगर में ऐतिहासिक तरह से विकास कार्य किये गए है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में मानो सड़कों का जाल सा बिछ गया है जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिल रही है।

1 नवम्बर से हो धान खरीदी, बहाना बनाकर छलावा कर रही भूपेश सरकार : भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में नवम्बर माह में त्यौहार होने की बात कहकर 1 दिसंबर से धान खरीदी करने का फैसला लिया है। धान खरीदी में देरी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति भावना बोहरा ने कहा है कि त्योहार का बहाना बनाकर राज्य सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। त्योहार में सबसे ज्यादा लोगों को आर्थिक जरूरतों व त्योहार से सम्बंधित वस्तुओं की जरुरत पड़ती है। ऐसे में एक माह देर से धान खरीदी शुरू करने से किसानों और उनके परिवार को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ सकता है इसलिए 1 नवम्बर से धान की खरीदी शुरू होनी चाहिए। भावना बोहरा ने आगे कहा कि राज्य सरकार के कुप्रबंधन के कारण धान के सड़ने व उसका सही समय पर उठाव नहीं होने के कारण करोड़ों के धान ख़राब हो गए। इसके चलते सहकारी समितियों व किसानों को नुकसान हुआ है और धमतरी और राजनांदगांव में सहकारी समितियों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दो साल से सोसायटी को नुकसान होने की बात कह रहे हैं। वहीं पांच सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर धान खरीदी का बहिष्कार करने की बात कह रहे हैं। इसका समाधान करने की बजाय राज्य सरकार केवल दावों में अपना बखान करने में लगी हुई है।

सरकार की धान खरीदने की नीयत ही नहीं है। वो जानबूझ कर खरीदी में देरी कर रही हैं ताकि 2500 रुपए न देना पड़े।

इससे पहले भी धान खरीदी में अनियमितता, भ्रष्टाचार, बारदाने की कमी व समय पर भुगतान न होने के कारण किसानों को परशानियों का सामान करना पड़ा था। किसान अपना धान बेचने के लिए दो से तीन गुने दामों पर बाजार से बारदाना खरीदकर अपना धान बेचने को मजबूर थे।

बालक छात्रावास में प्रवेश 10 नवंबर तक

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा कवर्धा जिला मुख्यालय में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक पिछडा वर्ग बालक छात्रावास वर्ष 2021-22 के प्रारंभ किया गया है। शिक्षण सत्र 2021-22 में वर्ष पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11 वीं से स्नातक तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा पोस्ट मैट्रिक पिछडा वर्ग बालक छात्रावास कवर्धा में प्रवेश के लिए 10 नवंबर तक भोरमदेव रोड गोदना रिर्साट के पास स्थित प्री.मै. पिछडा वर्ग बालक छात्रावास कवर्धा में आवेदन जमा कर सकते है। पोस्ट मैट्रिक पिछडा वर्ग बालक छात्रावास कवर्धा में प्रवेश एवं अन्य जानकारी के लिए व्हीके कोठारी अधीक्षक से मोबाईल नं . 9340983467 से संपर्क कर सकते है।

ओबीसी वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वेक्षण की गई समीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। बुधवार को जिला पंचायत गरियाबंद सभा कक्ष में क्वांटीफायबल डाटा आयोग के अध्यक्ष सीएल पटेल की अध्यक्षता में सर्वेक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक हुई जिसमें जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अनेक समाज प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष द्वारा सर्वे कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार एवं शत-प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों का सर्वेक्षण शासन के मंशा अनुरूप निर्धारित तिथि 30 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। आयोग के सचिव बीआर साहू द्वारा आवश्यक तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु मार्गदर्शन दिया गया। सभी समाज प्रमुखों से अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण से संबंधित सुझाव भी लिया गया। उक्त बैठक में यादव समाज से पहलाद यादव, सोनकर समाज से चेतन सोनकर, कलार समाज से दीनूराम सिन्हा, पटेल समाज से सोमनाथ पटेल, निषाद समाज से दानसिंह निषाद, साहू समाज से नारायण साहू एवं भुवनेश्वर साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल, उप संचालक पंचायत पदमिनी हरदेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बद्रीश सुखदेवे, जिला गरियाबंद सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका/पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहे।

नवागढ़ उपसंभाग कार्यालय के नए भवन में कार्य शुरू

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत नवागढ़ उपसंभाग के नवनिर्मित कार्यालय भवन का शुभारंभ 27 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक संजय पटेल के द्वारा किया गया। नये भवन को स्वच्छ रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि नये एवं स्वच्छ भवन में नई उर्जा का संचार होता है और वहीं सकारात्मक उर्जा कार्यों को बेहतर बनाती है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी नये भवन में नई उर्जा एवं नए उत्साह के साथ उपभोक्ताओं के हित में कार्य करेंगे एवं उनके विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी करेंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम सोरेन ने की...

पढ़ने हेमंत सोरेन ने कहा कि हम लोग भी लगातार इन वर्गों की आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहें है। हम अनुसूचित जाति के बच्चों को विदेशों में पढ़ने के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रहे हैं। आज हमने पहली बार 6 बच्चों को यूके भेजने का काम किया है। कई चीजें मैंने छत्तीसगढ़ में चला रहे आदिवासियों के लिए अभियान को स्टडी किया है। अपने राज्य में हो रहे बदलाव को देखा है। मुझे बहुत खुशी हुई कि भूपेश बघेल एमएसपी पर लघुवनोपज खरीद रहें है।

राहुल गांधी ने राष्ट्रीय ...

के आयोजनों की शुरुआत श्री राहुल गांधी ने ही की थी। राज्य में दूसरी बार हो रहे इस वर्ष के आयोजन में वे उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रतिभागियों के लिए अपना संदेश भेजकर शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। उनके संदेश का वाचन समारोह के उद्घाटन अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद बी. के. हरिप्रसाद ने किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बधाई और शुभकामनाओं के लिए श्री राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया। संदेश में राहुल गांधी ने कहा है कि हमारे आदिवासी भाई-बहन अपनी विरासत को सहेजने में न केवल सबसे आगे रहे हैं, बल्कि साथ ही वे हमारे प्राचीन ज्ञान को भी संरक्षित कर रहे हैं। आदिवासियों का हर लोक गीत, नृत्य, चित्र, शिल्प एक अलग ही कहानी कहता है। ये कहानियां हमारे पूर्वजों की रोचक और आकर्षक दुनिया का बोध कराती हैं। राहुल ने कहा - 'मुझे खुशी है कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी संस्कृति, कला और कलाकारों को अपनी पहचान को लोगों की बीच रखने का अवसर दे रही है।' उन्होंने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की सफलता की कामना करते हुए कहा है कि यह आयोजन भारत की अनेकता में एकता के भाव को संजोये रखते हुए उसे और मजबूती प्रदान करेगा।

पंजाब के सीएम चन्नी ...

आयोजित होने वाले महोत्सव में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आदिवासी नृत्य समूहों की भागीदारी के साथ-साथ कई देशों की अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी और उनकी संबंधित जनजातीय लोक संस्कृति का चित्रण किया जा रहा है।

ड्रग्स केस में आर्यन ...

आर्यन की जमानत का पुरजोर विरोध किया। लेकिन मुकुल रोहतगी ने अपने जोरदार तर्कों से आर्यन को जमानत दिलवा ही दी। हालांकि अभी बेल ऑर्डर की कॉपी नहीं आई है।

एएसजी अनिल सिंह ने किया विरोध, दिया यह तर्कः बता दें कि गुरुवार को हुई सुनवाई में एएसजी अनिल सिंह ने जमानत का विरोध करते हुए कोर्ट में तर्क दिया कि आर्यन ड्रग्स का इंतजाम करते थे। वह कई सालों से ड्रग्स का सेवन करते आ रहे थे और इसके उनके पास सबूत भी हैं। एनसीबी ने आर्यन पर 'कॉन्शस पजेशन' का भी आरोप लगाया और कहा कि वह एक साजिश का हिस्सा थे और इंटरनैशनल ड्रग तस्करी में भी शामिल थे।

मुकुल रोहतगी ने दीं जोरदार दलीलेंः लेकिन मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि जहाज पर 1300 लोग थे और उनमें से सिर्फ अरबाज और आर्यन के बीच ही कनेक्शन था। वहां कोई साजिश नहीं थी क्योंकि बाकी 1300 में कोई किसी को नहीं जानता था। ऐसे में न तो मन का मिलन हुआ और न ही कोई चर्चा हुई। ऐसे में साजिश का सवाल ही नहीं उठता।

मुकुल रोहतगी ने आगे कहा कि भले ही यह साबित करना मुश्किल है कि सबके मन मिले थे, लेकिन इस चक्कर में फैक्ट्स की अनदेखी नहीं की जा सकती। बता दें कि आर्यन खान की जमानत के लिए 28 और 29 अक्टूबर का दिन बहुत अहम माना जा रहा था। अगर आज या कल भी आर्यन को जमानत नहीं मिलती तो उन्हें दिवाली के बाद तक जेल में ही रहना पड़ता।

लेकिन आर्यन की जमानत के साथ गौरी की मन्नत भी पूरी हो गई है। गौरी ने मन्नत मांगी थी कि जब तक उनका लाडला आर्यन रिहा होकर घर नहीं आएगा, वह मीठा नहीं खाएंगी। लेकिन अब आर्यन की जमानत से उनके घर 'मन्नत' में भी जश्न का माहौल होगा। शाहरुख का 2 नवंबर को बर्थडे है और उनके लिए बेटे की रिहाई यकीनन बेस्ट बर्थडे गिफ्ट है। बता दें कि आर्यन खान को 2 अक्टूबर को मुंबई से गोवा जा रही क्रूज पर छापेमारी के बाद एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। उनके साथ ही अरबाज और मुनमुन धमेचा को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।

वानखेड़े को हाईकोर्ट ...

अधिकारी को गिरफ्तार किया जाएगा तो उससे 72 घंटे यानी तीन दिन पहले ही उन्हें इस बारे में सूचना दी जाएगी। बता दें कि महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक ने एक-एक कर वानखेड़े पर कई आरोप लगाए हैं, जिनमें बड़ी हस्तियों से उगाही का आरोप भी शामिल है।

पीएम मोदी बोले-कोरोना ...

मित्रता वर्ष के रूप में मनाएंगे। मोदी ने आगे कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण हम सभी को अनेक चुनौतियों से जूझना पड़ा। लेकिन ये चुनौतीपूर्ण समय भारत-आसियान मित्रता की कसौटी के लिए अहम रहा है। कोविड के काल में हमारा आपसी सहयोग, आपसी संवेदना भविष्य में हमारे संबंधों को बल देते रहेंगे। दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन के ब्रुनेई में हो रहे इस समिट में मोदी वर्चुअली जुड़े। इस सम्मेलन में आसियान देशों के राष्ट्राध्यक्ष और सरकारों के मुखिया शामिल हुए।

पटाखों पर रोक किसी ...

मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए यहां पर हैं।' कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर रोक का पहले का आदेश व्यापक रूप से कारण बताने के बाद दिया गया था।

कोर्ट ने कहा कि उन अधिकारियों को कुछ जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए जिन्हें आदेश को जमीनी स्तर पर लागू करने का अधिकार दिया गया है। बेंच ने कहा कि आज भी पटाखे बाजार में खुलेआम मिल रहे हैं। कोर्ट ने कहा, 'हम संदेश देना चाहते हैं कि हम यहां पर लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए हैं। हमने पटाखों पर सौ प्रतिशत रोक नहीं लगाई है। हर कोई जानता है कि दिल्ली के लोगों पर (पटाखों से होने वाले प्रदूषण के कारण) क्या बीत रही है ।'

कोर्ट ने छह (पटाखा) निर्माताओं से कारण बताने को कहा था कि उन्हें शीर्ष अदालत के आदेशों का उल्लंघन करने पर दंडित क्यों नहीं किया जाए। इससे पहले, कोर्ट ने पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया था और कहा था कि पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त व्यापारी ही कर सकते हैं और केवल हरित पटाखे ही बेचे जा सकते हैं। पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर पूरी तरह रोक है।

बुजुर्ग दिव्यांग महिला से बोला...

काउंटर के पास उपस्थित लोगों ने कैश काउंटर में बैठे अधिकारी से कहा आपका काउंटर खाली है और आप खाली बैठे हैं अगर बुजुर्ग दिव्यांग महिला आपके काउंटर में पैसे आहरण करना चाहती है तो आप उसे दे सकते हैं। इस पर कैशियर दानिश अर्जुन सिंह ने कहा मुझे ब्रांच मैनेजर द्वारा अमीरों की व्यवस्था के लिए काउंटर संचालित करने को कहा है और मैं किसी भी गरीब भिखारी या बुजुर्गों के लिए काउंटर में लेन देन नहीं कर सकता। यह मेरे नियम के विरुद्ध होगा।

लेखापाल ने भी दिखाई गर्मी

बुजुर्ग महिला ने इस संबंध में लेखापाल अधिकारी मालविका बालचो को बताया गया तो वह भी दिव्यांग महिला पर भड़कते हुए बोली कि मैं काम कर रही हूं, कौन क्या कर रहा है, उससे मुझे कोई मतलब नहीं। बुजुर्ग दिव्यांग महिला दवाई खरीदने के लिए पैसे निकालने भारतीय स्टेट बैंक सक्ती में कई घंटे बैठी रही मगर उसे उसके खुद के रुपए लेने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जब बुजुर्ग महिला के द्वारा उपस्थित लोगों के सहयोग से दानिश अर्जुन सिंह की लिखित शिकायत की तथा बुजुर्ग विकलांग महिला को उनके खाते की राशि को काफी जद्दोजहद के कई घंटे बाद उपस्थित लोगों के द्वारा उसे दूसरे काउंटर से राशि दिलाई गई।

कामकाज करने का तरीका स्लोमोशन

भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सक्ती में कैश काउंटर में बैठे कैशियर दानिश अर्जुन सिंह की मनमानी चरम पर है। एक ग्राहक के लेन-देन में जितनी देर लगाते हैं इतनी देर में 5 से 6 ग्राहकों का लेन-देन आसानी से हो सकता है। चाहे तो बैंक में लगी सीसीटीवी कैमरा के फुटेज से ग्राहकों से लेनदेन में कितना समय लगाते हैं। इसकी जानकारी आसानी से देखी जा सकती है एक और भारतीय स्टेट बैंक सक्ती अपने ग्राहकों के अच्छे के लिए दुनिया भर की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है तो वहीं कैश काउंटर पर बैठे अधिकारी अपने व्यवहार के साथ बैंक का नाम भी मिट्टी में मिलाने में लगे हुए हैं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 21-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रवीण चौधरी वगै. पिता पी.आर. चौधरी निवासी ग्राम कातुलबोर्ड तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 55/107, 55/98, 55/81 रकबा 0.044, 0.001, 0.021 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदा के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के पक्ष में दिनांक 13/10/2011 को पंजीकृत/ अपंजीकृत, वसीयत नामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 06/10/2021

सुनवाई दिनांक 29/10/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्र. अ-6/2020-21

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उषा सिंह पिता/पति उपेन्द्र कुमार सिंह निवासी वार्ड 56 बघेरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 6 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 614/2 रकबा 0.160 हे. में से 800 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता वीरेन्द्र कुमार पिता भूखनलाल के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 9/11/2021 तक स्वयं अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/10/21 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202110100400447

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक मनोरंजन महलिक आ. बच्चा निधी महलिक निवासी-तितुरडीह स्टेशनपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 19/47 रकबा 0.0090 हे. 1000 आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000163

विषय-अ-6अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22

जामुल प.ह.नं. 00018 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार - उदाराम चौधरी,

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक उदाराम चौधरी पिता विरदाराम पता-कोहका भिलाई द्वारा ग्राम जामुल प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 575/15 रकबा 0.008 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्री सालिकराम सिन्हा पिता श्री राम सिन्हा से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.10.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 20/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000158

विषय-अ-6अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22

कुरूद प.ह.नं. 00050 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार - जलील अहमद,

अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

ईश्तहार

आवेदक जलील अहमद पिता स्व. अब्दुल गफ्फार पता-सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1532/2 रकबा 0.010 हे. है जो आवेदक के पिता स्व. अब्दुल गफ्फार पिता मो. सुलेमान के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी अब्दुल गफ्फार पिता मो. सुलेमान की मृत्यु दिनांक 03.02.2007 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 18/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000163

विषय-अ-6अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22

कोहका प.ह.नं. 00019 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार - जलील अहमद,

अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

ईश्तहार

आवेदक जलील अहमद पिता स्व. अब्दुल गफ्फार पता-सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19, रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 2150/32 रकबा 0.003 हे./300वर्गफीट है जो आवेदक के पिता स्व. अब्दुल गफ्फार पिता मो. सुलेमान के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी अब्दुल गफ्फार पिता मो. सुलेमान की मृत्यु दिनांक 03.02.2007 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 18/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./अ-6/2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक पंचम साहू पिता स्व. जगतू निवासी ग्राम पोटियाकला बस्ती तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं . 253/6, 253/7 एवं 520 रकबा 0.5180, 0.1460, एवं 0.2020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार धनराज साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 15/11/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 22/10/2021

सुनवाई दिनांक 15/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000206

विषय-अ-6अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22

कोहका प.ह.नं. 00019 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार - लैनी बाई,

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक लैनीबाई पिता/पति स्व. सूबेचंद पता-बाजार चौक देवरी जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19, रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1704/1, 7340/1 रकबा 0.540, 0.050 हे. है जो आवेदिका के पिता/पति स्व. सूबेचंद पिता ईतवारी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी सूबेचंद पिता ईतवारी की मृत्यु दिनांक 04.05.2020 को हो के कारण मृतक का नाम विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 25/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शास. चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/निविदा/सं.सं./2021/4817 — जगदलपुर, दिनांक 27/10/2021

निविदा आमंत्रण सूचना

शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर के लिए वर्ष 2021-22 हेतु विभिन्न विभागों, चिकित्सालय परिसर/वार्डों में साफ-सफाई हेतु लगने वाले सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियां हेतु वाणिज्य एवं कर विभाग में पंजीकृत स्थानीय संस्थाओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र, संस्था का पंजीयन एवं पेन कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ रुपए 1000/- (एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 11/11/2021 के शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किए जा सकते हैं।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 11.11.2021 शाम 5 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 17.11.2021 दोपहर 2 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 17.11.2021 समय शाम 4 बजे

जी-64805/3

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय
डिमरापाल जगदलपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

चार लाख की सहायता राशि स्वीकृत

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मैनपुर तहसील के ग्राम जाड़ापदर निवासी 35 वर्षीय मयाराम कमार की 29 जून 2021 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक की पत्नि फूलबती कमार को 4 लाख रूपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

विद्युत विभाग तार मिस्त्री के लिए आवेदन 30 नवबंर तक

कवर्धा/नवप्रदेश। कार्यालय कार्यपालन अभियंता विद्युत सुरक्षा एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक द्वारा संभाग द्वारा तार मिस्त्री परीक्षा दिसंबर में आयोजित की जाएगी। तार मिस्त्री परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी 30 नवंबर तक आवेदन पत्र कर सकते हैं। परीक्षा के लिए आवेदन पत्र कार्यालय कार्यपालन अभियंता विद्युत सुरक्षा एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक संभाग, सहदेव नगर भदौरिया चौक जीई रोड राजनांदगांव से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ कम से कम दो वर्ष का किसी मान्यता प्राप्त संस्था/ उद्योग का व्यवहारिक अनुभव प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। प्रत्येक वर्ग तार मिस्त्री परीक्षा के लिए शुल्क वर्ग दो (घरेलु), वर्ग तीन (औद्योगिक), वर्ग चार (शिरोपरी) प्रति वर्ग का शुल्क 20 रुपए एवं ब वर्ग के अंतर्गत वर्ग पांच बिजली मिस्त्री परीक्षा (भूमिगत) का शुल्क 30 रुपए तथा स वर्ग के अंतर्गत वर्ग (सभी वर्ग की एक से पांच तक) 70 रुपए निर्धारित की गई है।

सिल्हाटी में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

कवर्धा। नेहरू युवा केन्द्र छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ निषाद के मार्गदर्शन में चारों ब्लॉक में आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसकें अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी में नदी किनारे प्लास्टिक कचरा को साफ किया गया और प्लास्टिक को डिस्पोज किया गया। जिसमें लोहारा ब्लॉक के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चोकसिंह राजपूत, सतीश पटेल और रजवाड़ा किंग युवा मण्डल के सदस्य दीनू ठाकुर, प्रेमराज खुसरो, कुणाल, खुमान, वासुदेव पटेल, लेखन पटेल, सन्नी सोनी, जगमोहन पटेल, अनिल पटेल, रोशन पटेल, दुर्गेष, सरफराज अली, मेघ श्याम, प्रशांत, किरण साहू उपस्थित थे।

गुरुद्वारा के सेवादार ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

राजनांदगांव। निःस्वार्थ सेवा का काम आसान नहीं है। सेवा भी एक तरह से कांटे की सेज जैसी होती है, लेकिन इसका पुण्य बहुत मिलता है। ऐसे ही सेवा धर्म का पालन करने वाले गुरुद्वारा बंदीछोड़ पतशाही तुमड़ीबोड के सेवादार ज्ञानी नरिन्दर सिंह ने सड़क हादसे में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। उनकी मदद से तुमड़ीबोड़ के पास बाइक से गिरे दो लोगों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया गया। गौरतलब है कि घायल युवक बाइक में उरईडबरी से कुसुमकसा जा रहे थे। इसी दौरान कार से अचानक टकरा जाने की वजह से बाइक सवारों के घुटने और हाथ के अंगूठे में हल्की चोंट लगी है। हालांकि, इलाज के बाद अब वे दोनों स्वस्थ है और गुरुद्वारा जाकर उन्होंने मत्था भी टेका। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे के सेवादारों द्वारा सेवाकार्य प्रशंसनीय है। बताते चलें कि गुरुद्वारे के सेवादार पूर्व में भी कई लोगों का इलाज करवा चुके है।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में फिजियोथेरेपी सेंटर का किया शुभारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में 21 से 31 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम के तहत 26 अक्टूबर को छठवें दिन पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन के कक्ष में पुलिस कल्याण फिजियोथेरेपी केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा के मार्गदर्शन पर पुलिस कल्याण फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ हुआ है जो पुलिस परिवार के लिए वरदान साबित होगा। इस सेंटर में फिजियोथेरेपी सेंट्रल में सर्वाइकल एवं मांसपेशियों की तकलीफ और लकवा, साइटिका, फैख्र होने के बाद फिजियोथैरेपी कराने से लाभ होता है, यहां पर फिजियोथेरेपी के सारे इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध रहेंगे। वहीं शहर के फिजियोथैरेपिस्ट एवं स्पेशलिस्ट डॉक्टर हर्ष मोतीरमानी अपनी सेवाएं देंगे।

कबीरधाम ने एमपी और महाराष्ट्र के जिलों का रिकॉर्ड तोड़ा

- जिले में 11 अगस्त से लगातार जीरो कोविड केस
- प्रतिदिन औसतन लगभग 2000 लोगों का हो रहा कोविड टेस्ट

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला कोविड कंट्रोल के मामले में संतोषप्रद स्थिति में है। कोविड की पहली व दूसरी लहर से सफलता पूर्वक निपटने के बाद अब यहां तीसरे लहर से निपटने के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। वर्तमान हालातों की यदि बात करें तो कबीरधाम छतीसगढ़ का एकमात्र ऐसा जिला है जहां 11 अगस्त के बाद से आज दिनांक तक एक भी कोविड के मरीज नही हैं। छतीसगढ़ ही नही मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र आदि पड़ोसी राज्यों में भी ऐसा एक भी जिला नही है, जहां इतने लंबे समय तक कोविड केस जीरो रहा हो। कोविड के घोर परेशानियों भरे हालातों के बीच कबीरधाम जिला आशा की एक किरण बनकर सामने आया है। सुखद यह है यहां प्रतिदिन औसतन लगभग 2000 लोगों का कोविड टेस्ट हो रहा है और पॉजिटिव केस जीरो है। यहां एक्टिव कोविड मरीजों की संख्या भी जीरो है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र मण्डल ने इस सम्बंध में जानकारी दी कि जिले में कोविड जांच अधिक कर कोविड संक्रमण का जल्द पता लगाकर संक्रमितों व उनके सम्पर्क में आने वालों को आइसोलेट करके उपचारित किया गया।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा कलेक्टर रमेश शर्मा द्वारा होम आइसोलेशन वालों के लिए वृहद कंट्रोल रूम बनाकर मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श की सम्पूर्ण व्यवस्था करवाई गई। दिन में दो बार दवा खाने से लेकर, दिनचर्या व सेहत की तमाम काउंसलिंग शिक्षकों व चिकित्सकीय टीम द्वारा की गई। कोविड अस्पताल के भर्ती मरीजों के परिजनों तक सूचना देने के लिए भी अलग से टीम बनाई गई जिनका कार्य फोन पर मरीजों के सेहत की जनकारी उनके परिजनों को देना था। कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों को योगा व मनोरंजन की व्यवस्था कर स्वास्थ्य लाभ दिया गया।

इसी प्रकार जिले में कोविड काल में औसतन 3000 से 3500 तक प्रतिदिन कोविड टेस्ट किया गया। जांच बढाकर संदिग्ध व संक्रमित लोगों का जल्द से जल्द पता लगाया गया व इन्हें उपचारित किया गया। जिले में अब तक कुल 58 हजार 5342 लोगों का कोविड जांच किया जा चुका है, इनमें से 22667 कोविड संक्रमित मिले और 22384 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

घर-घर सर्वे कर दी जा रही है दवा

जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कोविड नियंत्रण के लिए मितानिनों व जमीनी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सर्वे कर कोविड सम्बन्धी लक्षण वाले, भीड़ वाले स्थलों पर बार-बार जाने वाले व कोविड मरीज के सम्पर्क में आने वाले लोगों को चिन्हांकित कर दवा खिलाने का निर्देश दिया, जिसके परिपालन में लगभग 50, 000 लोगों को मुफ्त दवाओं का वितरण किया जा चुका है गया। डॉ मण्डल ने बताया कि यह सर्वे लगातार जारी है।

कोविड टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण करने का प्रयास

जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम केके नेतृत्व में जिले में कोविड टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण करने का भरपूर प्रयास जारी है और अब तक जिले में लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 65 प्रतिशत लोगों का कोविड टीकाकरण किया जा चुका है। इसके लिए लोगों में जागरूकता आई है और जिले अनेक गांव 100 प्रतिशत टीकाकृत किये जा चुके हैं।

जिले के बाहर से आने पर कराएं कोविड जांच

कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोविड कंट्रोल के लिए जनसहयोग ही एक बहुत बड़ी वजह है। उन्होंने बाहर जिलों व राज्यों से आने वाले लोगों को कोविड टेस्ट कराने के लिए अपील करते हुए कहा कि कबीरधाम को हम कोविड से मुक्त रख सकते हैं यदि त्वरित रूप से जांच कराए जाएं। लक्षण आने पर या जिले के बाहर से आने पर यदि कोविड जांच कराया जाता है तो बाहर से आने वाले संक्रमण को रोका जा सकता है। इसके अलावा कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए कोविड टीकाकरण का दोनों डोज अवश्य लगवाएं।

स्कूली छात्रों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

औंधी। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार सभी बच्चों को हमर छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरुवा, बारी एला बचाना हे संगवारी योजना के तहत सभी बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण का आदेश दिया गया, जिसमें वनांचल क्षेत्र के औंधी पर स्थित स्कूल के शिक्षकों द्वारा भ्रमण के लिए ले जाया गया, जहां औंधी से लगभग तीन-चार किलोमीटर दूर पर स्थित अलकन्हार गाव के पास एक नदी है, उसका भ्रमण कर उसके बारे में जानकारी दी गई, उसके पश्चात वहीं के एक घर के बाड़ी में ले जाया गया, वहां पर सब्जियां एवं अन्य कुछ-कुछ उत्पादन किया गया था, उसके बारे में जानकारी दी गई उसके पश्चात औंधी के गौठान पर लाया गया, वहां पर कम्पोस्ट खाद कैसे बनता है और वहां पर कुछ-कुछ चीजों की जानकारी दी।

100 करोड़ टीकाकरण में भावना फाउंडेशन की भी अहम भूमिका

जब लोग टीका लगवाने तैयार नहीं होते थे तो टीका तिहार के जरिए यह फाउंडेशन लोगों में फैला रही थी जागरूकता

बालोद/नवप्रदेश। आज पूरा देश भारत में 100 करोड़ लोगों के वैक्सीनेशन का जश्न मना रहा है। यह एक बड़ी उपलब्धि है तो साथ ही इसमें कई वर्गों की भागीदारी भी छिपी हुई है। यहां शासन प्रशासन और स्वास्थ्य कर्मी इसमें अहम कड़ी थे तो वही समाज सेवी संगठन भी इसमें पीछे नहीं रहे। इस क्रम में बालोद जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में संचालित भावना फाउंडेशन ने भी अपने प्रयासों से लोगों को टीकाकरण के लिए काफी प्रोत्साहित किया और इसी का परिणाम है कि बालोद ही नहीं बल्कि कई जिलों में जो लोग टीका लगवाने से घबराते थे, जिनके मन में कई तरह की भ्रांतियां थी वह लोग भी टीका लगवाने के लिए अग्रसर हुए और आज उनका रिकॉर्ड इस 100 करोड़ के वैक्सीनेशन में भी शामिल है।

एक दौर था जब वैक्सीनेशन शुरू हुआ था लोग टीका लगवाने से घबराते थे लोगों को डर था कि इससे वे और बीमार हो जाएंगे। कई तरह की भ्रांतियां इस टीकाकरण को लेकर फैली हुई थी। लेकिन ऐसे दौर में भी भावना फाउंडेशन ने हिम्मत नहीं हारी और लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने का बीड़ा उठाया और इसी का परिणाम है कि कई लोग टीका लगाने के लिए सामने आए। भावना फाउंडेशन के द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में खासतौर से टीका तिहार मनाबो, कोरोना ला भगाबो थीम पर अभियान चलाया और वैक्सीनेशन सेंटर सहित गांव में जाकर खासतौर से बड़े बुजुर्गों को इसके लिए जागरूक किया गया। जिनमें भ्रांतियों का सिलसिला बढ़ रहा था।

साथ ही फोन करके भी लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। टेलिफोनिक सिस्टम से भावना फाउंडेशन से जुड़े हुए 60 स्वयंसेवक ने घर बैठे रोजाना अधिकतम 100 लोगों को फोन किया और इस अभियान के दौरान पूरे छत्तीसगढ़ में जो लोग जो टीका नहीं लगाना चाहते थे उनके नंबर तलाश कर लगभग 10 से 15000 लोगों को फोन करके उन्हें मनाया गया। इस तरह से फोन कॉलिंग के जरिए लोगों को जागरूक करने उन्हें टीकाकरण के प्रोत्साहित करने का अनूठा अभियान भी भावना फाउंडेशन ने चलाया।

विभाग से लगातार भावना फाउंडेशन संपर्क में रहा। वो ऐसे लोगों की जानकारी हासिल करता रहा जो टीका लगाने में रुचि नहीं दिखा रहे थे। ऐसे लोगों की तलाश और उनके नंबर की व्यवस्था करके फाउंडेशन के स्वयंसेवी उन्हें फोन करके मनाते थे। फिर उन्हें नजदीकी सेंटर में जाने के लिए प्रोत्साहित करते थे और ऐसे तैसे टीकाकरण का ग्राफ धीरे धीरे बढ़ता रहा। जो लोग टीकाकरण से परहेज करें तो वह भी टीका लगाने के लिए आगे आए।

3 कार्यों के लिए 68 करोड़ 49 लाख स्वीकृत

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा के अथक प्रयासों से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलने जा रही हैं सड़क मार्ग सहित उच्च स्तरीय पुल की सुविधा। जिसके अंतर्गत बेरला विकास खंड के ग्रामीणों को बिलासपुर मार्ग जाने के लिए अब अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। चेटूवा से किरितपुर मार्ग शिवनाथ नदी में पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण हेतु 27 करोड़ 43 लाख 57 हजार रुपए की स्वीकृति मिली हैं। ज्ञात हो कि चेटूवापूरी धाम में प्रतिवर्ष बाबा अमरदास के नाम पर प्रतिवर्ष मेला लगता हैं। इस उच्चस्तरीय पुल के बन जाने से ग्रामीणों के साथ साथ दूर-दूर से बाबा अमरदास के धाम आने वाले श्रद्धालुओं की आवगमन में सुविधा होगी।

साथ ही बहुप्रतीक्षित मांग पिपरोलडीह, बारगांव, (मटिया) मुड़पार मार्ग का चौड़ीकरण एवं उन्नतिकरण कार्य जिसके लिए 28 करोड़ 30 लाख 11 हजार रुपए की स्वीकृति सहित बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नंदिनी-हरदी-माटरा-खजरी मार्ग उन्नयन एवं नवीनीकरण जिसकी लागत राशि 12 करोड़ 75 लाख 75 हजार रुपए छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड रायपुर से अनुमोदन प्राप्त हुआ हैं। उच्चस्तरीय पुल एवं रोड़ निर्माण हो जाने से न केवल बेरला वासियों को न्याधानी जाने में आसानी होगी बल्कि बिलासपुर से भिलाई हेतु मार्ग भी प्रशस्त होगा। विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त किया हैं, जिनके छत्रछाया में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम गढ़ रहा हैं।

विद्यालय के छात्रों ने देखा गौठान

खरोरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र छात्राओं को अनुभव आधारित सीखने पर बल दिया गया है। इसी कड़ी में भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के प्राचार्य रजनी मिंज के निर्देशन में व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन तथा सुनीता सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के गोद ग्राम माठ में भ्रमण कर ग्राम पंचायत के गोठान का अवलोकन सरपंच सुरेंद्र गेन्द्रे के साथ किया। सरपंच ने विस्तार से गोठान में बन रहे वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कंपोस्ट के बनाने की विधि को सीखा। उनकी उपयोगिता, लागत व विक्रय उपरांत लाभ के बारे में जिज्ञासा को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शांत किया।

धान खरीदी 1 नवम्बर से होः शिवरतन

भाटापारा/नवप्रदेश। बाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने स्वर्गीय गोविन्द सारंग स्मृति परिसर भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ में धान खरीदी 1 नवम्बर से प्रारंभ करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादातर किसान महामाया, आईआर 36,1010 एवं सरना के धान की खेती करते है। महामाया धान की उम्र 115 से 125 दिन की होती है, सरना 135 से 145 दिन के अंदर कटकर तैयार हो जाता है। विधायक शर्मा ने आगे कहां की छत्तीसगढ़ में ज्यादातर किसानों ने धान की बोआई तथा थरहा देने का काम 15 जून के आसपास किया है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में महामाया धान की कटाई और मिसाई का काम तेजी से चल रहा है। ज्यादातर किसान अपनी उपज को इकठ्ठा करने के लिए हार्वेस्टर का उपयोग कर रहा है जिससे कटाई मिसाई एक साथ हो रही है। हिन्दूधर्म का सबसे बड़ा पर्व दीपावली, धान की कटाई मिसाई तथा रबी फसल की तैयारी हेतु किसान को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। सरकार द्वारा 1 नवंबर को धान खरीदी न करने से अपने आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु मंडी में 1300 से 1400 रुपये में धान बेचना पड़ेगा। अतः हम सरकार से मांग करते है कि धान खरीदी 1 नवम्बर से शुरू हो।

विधायक ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि धान खरीदी हेतु गठित मंत्री मण्डलीय समिति की बैठक की चर्चा जो समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए है वह भ्रमित करने वाले है, फिर से उनका यह कहना कि पिछले वर्ष की तरह बारदाने की व्यवस्था नही है। किसानों को धोखा देना है,जब आपको(सरकार) मालूम है कि सरकार को लगभग 100 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदना है तो बारदाने की पहले व्यवस्था क्यों नहीं किये? पिछले वर्ष जिन किसानों ने बारदाना अपने स्वयं के व्यय से खरीद कर बेचा था उनको भी बारदाने की राशि अब तक भुगतान नहीं की गई है।

रोड व्यापारी को दंड कार्यवाही बड़े व्यापारी से भाईचारा

राजनांदगांव। जय स्तंभ चौक स्थित नगर निगम द्वारा पार्किंग क्षेत्र में व्यक्ति विशेष शब्दों को पार्किंग देने के लिए नगर निगम एवं यातायात द्वारा निगम पार्किंग को प्राइवेट पार्किंग में बदल दिया गया है। रोड व्यापारी व्यापार करने पर आ रही दिक्कत पार्किंग के कारण यातायात प्रभावित हो रहे दीपावली पर में मार्केट आने वाले आम जनता को प्राइवेट पार्किंग कहकर गाड़ी हटाने को कहा जा रहा है और वहीं दूसरी तरफ यातायात आम आदमी होने पर चालान काटने पर लगी है और एक व्यक्ति विशेष को पार्किंग सुविधा देकर आम जनता को परेशान कर रही यातायात विभाग।

न्यायालय अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, जिला-रायपुर (छ.ग.)

सिविल सूट प्रकरण क्रमांक 163B/2017 प्रोसेस क्रमांक 84 पेशी तारीख 11.11.2021

केनरा बैंक — वादी/ वादीगण

विरुद्ध

दिलीप कुमार यादव — प्रतिवादी/प्रतिवादीगण

प्रति,

दिलीप कुमार यादव, उम्र- 36 वर्ष आत्मज- गिरधारी लाल यादव
मकान नं. 17, ब्लॉक- 13, एस.बी. कालोनी, कचना, रायपुर

वादी ने आपके विरुद्ध पत्र वास्ते 1,76,899 ऋण राशि वसूली करने बाबत संस्थित किया है। आपसे इस न्यायालय में पेशी तारीख 11.11.2021 को 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या आपकी प्रतिरक्षा मुजराई का दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 08.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय का पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सील — न्यायाधीश

न्यायालय अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, जिला-रायपुर (छ.ग.)

सिविल सूट प्रकरण क्रमांक 163A/2017 प्रोसेस क्रमांक 85 पेशी तारीख 11.11.2021

केनरा बैंक — वादी/ वादीगण

विरुद्ध

राकेश कुलदीप — प्रतिवादी/प्रतिवादीगण

प्रति,

राकेश कुलदीप आत्मज- चैतराम कुलदीप
निवासी- मौलीमाता मंदिर के पास, मौलीपारा, तेलीबांधा, रायपुर

वादी ने आपके विरुद्ध पत्र वास्ते 2,00,077 ऋण राशि वसूल बाबत संस्थित किया है। आपसे इस न्यायालय में पेशी तारीख 11.11.2021 को 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या आपकी प्रतिरक्षा मुजराई का दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 08.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय का पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सील — न्यायाधीश

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 21-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है हकप्राप्तकर्ता तेज प्रकाश साहू पिता स्व. बिसाल राम साहू निवासी ग्राम मैत्री नगर रिसाली तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 480/72 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को हकत्यागकर्ता संगीता साहू पिता स्व. बिशाल राम साहू निवासी ग्राम मैत्रीन गर रिसाली से रजिस्टर्ड हकत्यागनामा दिनांक 21/10/21 को किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16/11/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 26/10/2021
सुनवाई दिनांक 16/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202110100700204
अ-6/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अभिनव अग्रवाल वगै. पिता विष्णु कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम नया आमापारा दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1314/232 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता संतोष कुमार जैन पिता बाबूलाल जैन निवासी मोहन नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/10/2021
सुनवाई दिनांक 11/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्र. /2020-21

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक हेमंत कुमार देशमुख पिता डिबहार सिंह देशमुख निवासी रूदा मौजा रूदा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. अंजोरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 121/2, 123 रकबा कुल रकबा 2.39 डिबहार सिंह अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 02/05/2021 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16/11/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 26/10/2021
पेशी दिनांक 16/11/2021

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

अ-6/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हेमंत कुमार देशमुख पिता डिवहार सिंह देशमुख अन्य-2 निवासी ग्राम ऋषणनगर कलेक्ट्रेट के पीछे दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 510/9 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार श्रीमती प्रमोद देशमुख एवं डिवहार सिंह देशमुख की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 26/10/2021
सुनवाई दिनांक 16/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग

रा.प्र.क्र. /20
ग्राम मोहरेंगा प.ह.नं. 33

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक आ राजेन्द्र कुमार आत्मज कल्याण कुर्रे साकिन हतपाल प.ह.नं. 33 तहसील धमधा जिला दुर्ग ने ग्राम मोहरेंगा स्थित स्वयं/शामिलात खाते की कृषि भूमि खसरा नं. 527 रकबा 0.39 हे. भूमिस्वामी हिरऊ की मृत्यु दिनांक 28/12/92 को हो चुका है। उनका नाम अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 29/10/2021 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20/10/21 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 20/10/2021
पेशी दिनांक 29/10/2021

सील — तहसीलदार धमधा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 क्रमांक वर्ष 2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक सुपंथक आ. स्व. नीलकंठ सुपंथक अन्य साकिन अरसनारा द्वारा ग्राम अरसनारा प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. दुर्ग1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 767/12 रकबा 1.4835 हे. को हकत्याग रजिस्टड्र बैनामा के माध्यम से विक्रेता संतोष अन्य 5 आ. स्व. नीलकंठ से क्रय किया गया है की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 08/11/2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

रायपुर में गूंजा विदेशी लोक संगीत देशी-विदेशी कलाकारों ने जमाया रंग

देश-विदेश के कलाकार छत्तीसगढ़ में आकर अपने को गौरवान्वित कर रहे महसूस

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में देश-विदेश के कलाकार पहुंचे हैं। कलाकारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आज सुबह साईंस कॉलेज मैदान पहुंचे कलाकारों ने मंच पर पहुंचने से पहले मैदान में अपना रिहर्सल किया। कलाकारों ने बताया कि छत्तीसगढ़ आकर वे रोमांचित एवं उत्साहित हैं। यहां उन्हें अपनी कला को प्रदर्शित करने के लिए शानदार मंच है। देश के अंतिम छोर केन्द्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप से आए प्रतिभागी कलाकार मुमताज ने बताया कि हमारी टीम में 20 कलाकार है। कल देर शाम हम रायपुर पहुंचे। यहां पर हमें सभी प्रकार की सुविधाएं छत्तीसगढ़ शासन ने मुहैय्या कराई है। यहां पर किसी प्रकार की कोई तकलीफनहीं हुई है। हम पहली बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। हम रोमांचित और उत्साहित है। हमारे द्वारा बंदिया लोक नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। इसी तरह से हरियाणा के केथल शहर से आए मुस्कान शामी एवं कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि हमारे द्वारा हरियाणवी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। हम कल दोपहर को रायपुर पहुंचे है। प्रशासन द्वारा यहां बेहतर व्यवस्था की गई है।

यहां पुलिस प्रशासन की व्यवस्था को कलाकारों ने प्रशंसा की तथा कलाकारों के ठहरने, खाने की व्यवस्था की तारीफकी। इसी तरह से पुडुचेरी से आए कलाकार मुरगन ने कहा कि हम पहली बार इस राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में सम्मिलित होकर उत्साहित है। यहां की सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट है। हमें किसी प्रकार की तकलीफ नहीं हुई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने प्रतिभागियों से मुलाकात कर कलाकारों का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने लक्षद्वीप, पुडुचेरी के कलाकारों के साथ स्वयं रू-ब-रू होकर उनके साथ फोटो सेल्फी लेते हुए उनकी संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागी कलाकारों ने उत्साह से उन्हें बताया कि हम यहां आकर रोमांचित हैं और अपने आपको गौरावान्वित महसूस कर रहे हैं। आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रम देशभर में होना चाहिए।